Finally, I want to request the Government not to allow this drift to take place any further. Take immediate steps because what happens in Punjab will not remain there, but it will have its repercussions throughout the country. That is why I would request the Government not to pursue the policy of drift. I am against sacrificing the interests of any State. But find some rational solution in consultation with the concerned people. Don't think that there are no people in Punjab who are not feeling concerned about the people of the country. There are people and take them into confidence and come to some settlement and then ease the situation, isolate the extremists, fight them back and come out with a White Paper to expose those rascals who are playing havoc with the life of the people of Punjab.

श्री पी० एन० मुकुल (उत्तर प्रदेश): उपसभापति महोदय, बड़े खेद का विषय है जो कुछ पंजाब में हो रहा है । जो हत्याएं और हिंसा का बाजार गर्म हो रहा है उसके कारण हमारी गर्दन शर्म से झुक जाती है और सबसे अधिक अफसोस तब होता है जब हमारे ही विरोधी दल के कुछ लोग उनकी हिमायत करने लगते हैं, उनकी तारीफ करने लगते हैं । (**व्यवधान**) कुछ लोगों के बारे में मैं कह रहा हूं । अभी सुरजीत जी बोले । उनकी पार्टी की बात नहीं है । विरोधी दल का जो रवैया रहा है इस इशू पर उस बारे में मैं कह रहा हूं । हमारे चौधरी साहब का क्या रवैया था ? उन्होंने हमसे एग्री किया था । लेकिन वह चौधरी

[श्री पी० एन० सुकुल]

साहब जैसा हम समझ पाये, जब उनको दो-तीन थ्रैट मिले, उनके जीवन को खतरा पैदा हो गया तो वही चौधरी साहब 30 जून को आपके विपक्षी दलों की बैठक में शामिल हुए । उन्होंने आपका जो फार्मूला था कि चंडीगढ़ पंजाब को दे दिया जाए और पंजाब का कुछ हिस्सा हरियाणा को दे दिया जाए, पानी की बात ट्राइ-ब्यूनल को दे दी जाए, इस बात को उन्होंने 30 जून को एग्री किया । जब पहली जुलाई को हरियाणा के एम० पी० और एम०एल०ए० की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता चौधरी साहब ने की तो वहां चौधरी साहब बदल गये । उन्होंने कहा कि नहीं, चंडीगढ़ का बटवारा होना चाहिए । हमारे सी० पी० आई० के जो साथी हैं उनकी मांग यह थी कि उनकी रिलिजस अर्थात् धार्मिक मांगें नहीं मानी जानी चाहिएं । हमारे बहुगुणा जी का शुरू का क्या भाषण था और अब का क्या भाषण है । आज वह कह रहे हैं कि सिख कौम एक राष्ट्र नहीं है । आडवाणी साहब की पार्टी का एक रुख रहा है लेकिन लखनऊ में 30 जून को बोले की अकाली दल और कांग्रेस दोनों इसके लिए जिम्मेदार हैं । आज पंजाब में जो हो रहा है उसके लिए ये दोनों जिम्मेदार हैं । दोनों कैसे जिम्मेदार हो सकते हैं । आप दोनों को जिम्मेदार बता कर दोनों को एक बराबर के पलड़े में रख कर अपने को अलग रखना चाहते हैं । हमें अफसोस है कि जब सुरेन्द्र मोहन जी बोल रहे थे मैंने देखा कि पहली बार गर्म होते हुए बोल रहे थे । ऐसा लग रहा था कि जैसे अकाली दल की हिमायत कर रहे हों । उन्होंने हमें याद दिलाया कि उन लोगों को और दूसरे लोगों को हिंसा नहीं करनी चाहिए ।

[उपसभाध्यक्ष (डा०) (श्रीमती) नाजमा हेपतुल्ला) पीठासीन हुईं]

लेकिन उन्होंने यह नहीं देखा कि 10 जुलाई को तरनतरन में जो सम्मेलन हुआ उसमें क्या-क्या कहा गया । क्या उसमें खालिस्तान की मांग का समर्थन नहीं किया गया ? क्या वहां सरकार से सीधी टक्कर लेने की बात नहीं की गई ? 16 जुलाई को अमृतसर में अकाली दल के जिला इकाइयां के अध्यक्षों को बैठक हुई । उसमें क्या कहा गया था ? उसमें संविधान की धज्जियां उड़ाई गईं । संविधान को खतम करने की बात कही गई । खालिस्तान की बात कही गई । आज आप जिस वक्त उनकी हिमायत करने लगते हैं वे एक संकुचित और एक छोटे से स्वार्थ के लिए तो मैं समझता हूं देश के लिए एक बड़ी गम्भीर स्थिति पैदा हो जाती है । छोटे से राजनीतिक स्वार्थ के लिए पूरा देश, पूरी कौम की अखण्डता और स्वतन्त्रता को दांव पर लगा रहे हैं । आज आप असम की और पंजाब की बात करते हैं ।

आसाम में फारन नेशनल्स की समस्या है । वहां से फारन नेशनल्स को निकालने की बात कही जाती है । लेकिन पंजाब में क्या हो रहा है ? यह कहा जा रहा है कि देश के एक हिस्से को देश से अलग कर दिया जाय । एक स्थान पर तो वह हिस्सा देश का भाग रहने वाला है और दूसरे स्थान पर देश के हिस्से को अलग करने की बात कही जा रही है । इस तरह से ये दो अलग-अलग मूवमेण्ट चल रहे हैं । हमारे अपोजीशन के लोग उनकी हिमायत करते हैं । आप इस तरह से अपनी पार्टी और देश को नहीं चला सकते हैं । देश के साथ गद्दारी करके देश को नहीं चलाया जा सकता है । इस तरह से आपकी पार्टी भी चलने वाली नहीं है । आपने कहा कि गुरुद्वारों के बाहर लड़ाई होती है । लेकिन मैं पूछना चाहता हूं कि डी० आई० जी० अटवाल को गोली कहां से लगी ? उन पर गोली गुरुद्वारे

के अन्दर से चलाई गई। आज तक अपराधियों को गिरफ्तार नहीं किया जा सका क्योंकि वे गुरुद्वारों में छिपे हुए हैं। बलवीर सिंह सिन्दू गुरुद्वारे के अन्दर है वहां पर प्रेस कांफ्रेन्स करता है और रोज उनके बयान निकलते हैं। लेकिन गुरुद्वारों में बन्द होने के कारण उनको गिरफ्तार नहीं किया जा सका है। हमारी इंदिरा जी की सरकार की शुरू से ही यह कोशिश रही है कि हम बातचीत के जरिए से मसलों को हल करें, नेगोशिएशन के जरिए से मसलों को, हल करें। आज आप हमारी उदारता को, इन्दिरा जी की सरकार की सहिष्णुता को उनके धैर्य को बुरा कह रहे हैं। अगर वहां पर इमरजेन्सी लगा दी जाय, लोगों को मारा पीटा जाय और जो गुरुद्वारों में घुस गये हैं उनको वहां से बाहर निकाला जाये, क्रिमिनल्स को पकड़ा जाय तो आप कांग्रेस को और इंदिरा जी को बुरा कहेंगे। ये दोनों चीजें कैसे चल सकती हैं। आप दोनों नावों पर पांव नहीं रख सकते हैं। आज पंजाब जल रहा है। अभी हमारे मित्र श्री मित्तल जी ने कहा कि पाकिस्तान, अमेरिका और दूसरे मुल्क इस आन्दोलन को चलाने में मदद कर रहे हैं। पाकिस्तान में ननकाना साहिब में एक बंगला बनाया गया है जिसमें जगजीत सिंह चौहान और गंगासिंह ढिल्लों आराम करते हैं, वहां ठहरते हैं। आप पंजाब के बार्डर पर जा कर देखिए कि किस प्रकार से खालिस्तान के पोस्टर लगे हुए हैं और किस प्रकार से खालिस्तान मूवमेंट को सपोर्ट किया जा रहा है। गुजरांवाला में पाकिस्तान में उग्रवादियों को ट्रेनिंग दी जा रही है, पाकिस्तान उनको ट्रेनिंग दे रहा है। आप कहते हैं कि यह छोटा मसला है। पानी की समस्या है और चण्डीगढ़ की समस्या है। लेकिन यह एक बहुत बड़ी समस्या है। इसमें शरारत और षड़यंत्र किया जा रहा है जिसमें दुनिया के बड़े-बड़े देश शामिल हैं। इसमें अमेरिका भी लगा हुआ है, यूरोप के देश भी लगे हुए हैं और पैसा दे रहे हैं, हथियार दे रहे हैं, ट्रेनिंग दे रहे हैं। उनका मोरल बूस्ट कर रहे हैं। अगर आप ऐसे तत्वों का समर्थन करेंगे तो आपको भारत माता कभी माफ नहीं करेगी, इस देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी, इस देश की तवारीख कभी माफ नहीं करेगी। यह कलंक हम सब पर एक साथ लगेगा। इसलिए मैं आपसे बहुत अदब के साथ कहना चाहता हूं कि जो लोग या अकाली दल के जो लोग सिखों को एक राष्ट्र कहते हैं, यह बहुत गलत है। मैं पूछना चाहता हूं कि सिखों को एक राष्ट्र कहना क्या सही है ? क्या कोई एक धर्म एक राष्ट्र हो सकता है ? हमारे देश में जैन धर्म है, बौद्ध धर्म है। क्या जैनी अपने को अलग राष्ट्र कह सकते हैं ? क्या बौद्ध अपने को अलग राष्ट्र कह सकते हैं ? क्या वे कह सकते हैं कि उनको अलग हिस्सा मिलना चाहिए ? जहां तक मुसलमानों का सवाल है, एक बार, एक जमाने में देश के दो टुकड़े हो गये, पाकिस्तान बना। कुछ मुसलमान अपने को अलग राष्ट्र कहते थे, वह बात उस वक्त समझ में आई क्यों कि वे बाहर से आये थे। चूंकि वे बाहर से आए, इसलिए अपने को अलग राष्ट्र कह सकते थे.... (**व्यवधान**)।

श्री हरकिशन सिंह सुरजीत : मुसलमान कहां बाहर से आ गए ?

श्री पी० एन० सुकुल : मैं उस वक्त की बात कह रहा हूं। आज की बात नहीं कह रहा हूं। यह एक हकीकत है, आप इसको झुठला नहीं सकते हैं..... (**व्यवधान**)। इसमें अंग्रेजों का हाथ था, यह ठीक है, लेकिन उन्होंने हमारी

[श्री पी० एन० सुकुल]

कमजोरी का फायदा उठाया । जिन्ना साहब यह बात कहा करते थे ।...

...(Interruptions)

SHRI A. G. KULKARNI (Maharashtra): Mr. Sukul, do not create another problem.

SHRI P. N. SUKUL: No, you are creating it; I am not creating it. (*Interruptions*) सिख हमारे देश का एक समुदाय है, इसी हिन्दुस्तान में वे पैदा हुए, इसलिए वे कैसे कह सकते हैं कि वे अलग राष्ट्र हैं ?

श्री हयातुल्ला अंसारी (नाम-निर्देशित) : आपने जो कहा कि मुसलमान बाहर से आये, अपने ये अलफाज उनको वापस लेने चाहिए ।

श्री पी० एन० सुकुल : आप मुझे प्रोटेक्शन दें । मुझे अपनी बात कहने का मौका दें । मैंने अपनी बात नहीं कही, मैंने तवारीख की बात कही, मैंने जिन्ना की बात कही, मैंने कानून की बात कही । लेकिन आज कम से कम सिख राष्ट्र का कोई दावा नहीं कर सकता कि हम अलग राष्ट्र हैं । वे इसी हिन्दुस्तान के अन्दर पैदा हुए हैं तो वे अलग अपने को कैसे कह सकते हैं । धर्म के ऊपर अगर राष्ट्र बनेगा तो फिर यहां जैन धर्म है, बौद्ध धर्म है, रिलीजन को लेकर .... (**व्यवधान**)

क्या आज जो अकाली कह रहे हैं वह पूरा पंजाब कह रहा है, क्या अकाली दल पूरे पंजाब को रिप्रेजेन्ट कर रहा है, वहां 50 प्रतिशत दूसरे लोग हैं, वहां दूसरे सिख हैं । निरंकारी हैं, तमाम दूसरे लोग हैं । सिर्फ अकालियों की बात मानकर कैसे देश को चलाया जा सकता है । उनके हठ के आगे झुककर सरकार इस देश के साथ न्याय नहीं कर सकती है और यही वजह है कि हमारी सरकार बड़े धैर्य, बड़ी सहिष्णुता, प्रेम और सद्भावना के साथ कोशिश करती चली आ रही है ताकि इस मामले का हल हो सके । आपको बुलाकर, आपके जरिये, आपकी राय लेकर और दूसरे तरीकों से भी कोशिश कर रही है लेकिन वे लोग जैसे मैंने कहा कि जो दूसरे मुल्कों के इशारे पर काम कर रहे हैं वे कभी भी आपके साथ बैठकर आपकी बात नहीं मानेंगे । आपने कहा कि धार्मिक मांगें नहीं मानी गईं । इंदिरा जी ने उनको वहां नहीं माना, अमृतसर में, लेकिन दिल्ली में माना । एक आदमी जिसको भूख लगी है और एक आदमी उसको खाना दे रहा है, लेकिन वह कहता है कि मैं इस आदमी का खाना नहीं खाऊंगा, मैं अमृतसर में खाना खाऊंगा, इसका क्या मतलब है । जब उनकी मांगें मान ली गईं तो इस पर उनको खामोश हो जाना चाहिए । उनको रियलाइज करना चाहिए था कि इतनी मांगें मान ली गई हैं और बाकी पर कांग्रेस पार्टी के साथ बैठकर, सरकार के साथ बैठकर शांतिपूर्ण ढंग से उनको बात करनी चाहिए थी । उन्हें हिंसा का बाजार गर्म नहीं करना चाहिए था, हत्याओं का सिलसिला शुरु नहीं करना चाहिए था । इसलिए मैं अपनी प्रधान मंत्री महोदया से यह निवेदन करना चाहूंगा कि वहां की स्थिति को इस तरह ज्यादा न चलने दिया जाय । हम एक सैकुलर स्टेट हैं और हमारे लिए मंदिर, मस्जिद, गिरजाघर और गुरुद्वारे सब बराबर हैं । अगर सरकार की पुलिस किसी मस्जिद में जाकर किसी अपराधी को पकड़ सकती है, मंदिर में जाकर पकड़ सकती है, वहां उसको इसका पूरा हक है तो फिर गुरुद्वारे में जाकर क्यों नही पकड़ सकती । मैं यह दरख्वास्त करुंगा कि वे एक ऐसी व्यवस्था करें कि जो अपराधी गुरुद्वारे में

जाकर शरण ले रहे हैं जो हमारे देश की अखण्डता और एकता के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं उन सब को पकड़ कर उनको कठोरतम सजा दी जाये । उनका ट्रायल होना चाहिए । मैं समझता हूं कि हमारे जो विपक्षी दलों के भाई हैं उनको भी थोड़ा देश-भक्त होना चाहिए । उन्हें सिर्फ पार्टी-भक्त नहीं होना चाहिए । उन्हें देश के बारे में पार्टी से ऊपर उठकर सोचना चाहिए और इस नाजुक मसले में सरकार का हाथ बंटाना चाहिए ।

श्री सैयद अहमद हाशमी (उत्तरप्रदेश): सुकुल जी ने जो अल्फ़ाज यहां पर कहे कि मुसलमान गैर-मुल्की हैं, वे अपने इन अल्फाज को वापस लें । . . . **(व्यवधान)** . . . .

†[شری سید احمد ہاشمی (اتر پردیش : شکل جی نے جو الفاظ یہاں پر کہے کہ مسلمان غیر ملکی ہیں وہ اپنے ان الفاظ کو واپس لیں -]

श्री पी० एन० सुकुल : मैंने यह नहीं कहा । मैंने पाकिस्तान बनने के पहले जो हालात थे, उस वक्त जो कहा गया था वह बात कही ।

श्री सैयद अहमद हाशमी : आपने कहा कि मुसलमान बाहर के हैं ।

†[شری سید احمد ہاشمی : آپ نے کہا کہ مسلمان باہر کے ہیں -]

श्री इन्द्रदीप सिंह : उपसभाध्यक्ष महोदया, इसको प्रोसीडिंग्स से निकाल दिया जाय ।

श्री सैयद अहमद हाशमी : वाइस चेयरमैन साहिबा, मैं अर्ज कर रहा हूं कि आप इसमें इंटरवीन कीजिए और जो अल्फाज उन्होंने कहे हैं या तो वे उनको वापस लें या आप उनको प्रोसीडिंग्स से निकाल दें ।

†[شری سید احمد ہاشمی : وائس چیرمین صاحبہ میں عرض کر رہا ہوں کہ آپ اس میں انٹروین کیجئے اور جو الفاظ انہوں نے کہے ہیں یا تو وہ انکو واپس لیں یا آپ انکو پروسیڈنگس سے نکال دیں-]

श्री पी० एन० सुकुल : उपसभाध्यक्ष महोदया, मैंने जो कहा वह मैंने तवारीख का कोट करके कहा था कि उस वक्त कुछ लोगों ने टू नेशंस थ्योरी की बात की थी । यह बात मैंने कही थी । उसका मतलब अगर आप ऐसा समझती हैं तो उनको फौरन कार्यवाही से निकाल दिया जाय । **(व्यवधान)**

THE VICE-CHAIRMAN [DR. (SHRIMATI NAJMA HEPTULLA)]: I will go through the proceedings and if anything is objectionable, I will remove it.

श्री जगदीश प्रसाद माथुर (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदया, कांग्रेस दल के जो प्रतिनिधि बोले हैं उससे ऐसा लगा जैसे कि चोर या मुल्जिम कटघरे में खड़े हो कर अदालत को ही चुनौती दे रहा हो । उन्होंने विरोधी दलों को जिम्मेदार ठहराया और अपनी भूरि-भूरि प्रशंसा की है । एक तो चोरी फिर सीना जोरी । यह रवैया कांग्रेस का कहा जा सकता है । (व्यवधान) मैं यह नहीं कहता कि अकाली दल बिल्कुल बेकसूर है । अकाली दल और कांग्रेस की सरकार मेरी नजर में दोनों बराबर के मुजरिम हैं । दोनों को निगाह एक ही तरफ है कि किसी प्रकार से पंजाब के अन्दर उस समय तक आग लगती रहे जब तक चुनाव न हो जाएं । अकालियों की निगाह इस बात पर है कि वहां तनाव रहे जिससे सिख और हिन्दू अलग रहें । मैं हिन्दू और सिख को अलग

†[ ] Transliteration in Arabic Script.

[श्री जगदीश प्रसाद माथुर]

नहीं मानता। सिख और हिन्दू एक ही हैं। एक ही हमारा धर्म है, एक ही संस्कृति है। एक ही इतिहास है। सब कुछ एक है। जब भी किसी विदेशी का आक्रमण हुआ तो हमने एक साथ मिल कर, एक दूसरे के साथ खड़े हो कर हिन्दुस्तान की इज्जत रखने के लिए खून बहाया लेकिन दुर्भाग्य है कि आज कुछ ऐसे लोग पैदा हो गए हैं जो अपने पुराने इतिहास को झुठलाना चाहते हैं, अपने बुजुर्गों और गुरुओं की शिक्षा को झुठला कर एक नया इतिहास बनाना चाहते हैं। जब कभी हिन्दू-सिख झगड़ा होता है तो हम लोगों के दिल में आग लगती है, दुख होता है। मैं मानता हूं हिन्दू सिख अलग नहीं हैं, एक हैं। लेकिन उनकी निगाह यह है कि अगर हिन्दू सिख एक रहेंगे तो हमारा नेतृत्व चला जाएगा, अकाली दल शायद चुनाव जीतेगा नहीं। इतिहास इस बात का गवाह है कि जब कभी हिन्दू और सिख इकट्ठे हो गये तब कांग्रेस की दाल नहीं गली। जहां पर अकालियों की निगाह सिखों के वोट पर है, वहां कांग्रेस की निगाह हिन्दुओं के वोट पर है।

श्री पी० एन० सुकुल : दिल्ली में दोनों एक हो गये।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : बिलकुल ठीक कह रहे हैं। आप ठीक कह रहे हैं कि जहां अपना उल्लू सीधा होता है वहां अकालियों का विरोध करते हैं, जहां दूसरी प्रकार उल्लू सीधा होता है वहां इनका साथ लेने देते हैं। कौन नहीं जानता अकाली दल ने कांग्रेस का दिल्ली के अन्दर साथ दिया है? कौन नहीं जानता श्री संतोख सिंह को कि वह यहां के पहले गृह मंत्री जी के साथी रहे हैं, मारे गये बेचारे कौन नहीं जानता? इसलिए मैं कहता हूं कि दोनों मुजरिम हैं (**व्यवधान**)।

एक माननीय सदस्य : और आप भी (**व्यवधान**)।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : मुश्किल यह है कि जैसे मैंने पहले कहा आप हमेशा हमें ही मुजरिम ठहरायेंगे क्योंकि हमारा एक ही जुर्म है कि हम कांग्रेस को हटाना चाहते हैं। अगर वह राजनीति के अन्दर जुर्म है तो हम मुजरिम हैं लेकिन अगर जुर्म नहीं है तो हम देशभक्त हैं। इसलिए मैं कह रहा था कि दोनों मुजरिम हैं। दोनों को एक कटघरे के अन्दर खड़ा करना चाहिए। अकाली दल आज जो कुछ कर रहा है वह अच्छा नहीं कर रहा है। मैं कम से कम यह विश्वास नहीं करता कि अकाली दल के अन्दर दो दल हैं एक एक्सट्रिमिस्ट है और कुछ ऐसे हैं जो कुछ माडरेट्स हैं। हो सकता है ऐसा हो। मैं पूछना चाहता हूं माडरेट्स खुल कर के इस बात का विरोध क्यों नहीं करते कि जो कुछ हो रहा है वह गलत हो रहा है। मैं बादल साहब की इज्जत करता हूं और जितने नेता हैं उनकी भी इज्जत करता हूं। लेकिन दुख तो यह होता है कि जब एक्सट्रिमिस्ट्स की ओर से हमले हो रहे हैं, हत्याएं हो रही हैं, उनसे वे अपना छुटकारा क्यों नहीं करते। अगर अकाली दल के दो टुकड़े हो जाएं और वह यह कह दें कि हम भिंडरावाले के साथ, एक्सट्रिमिस्ट्स के साथ नहीं हैं और उनसे अलग हो जाएं तो मैं उनका स्वागत करूंगा। हो सकता है कि बेचारे दिल से यह चाहते हों, भिंडरावाला का विरोध भी करना चाहते हों। कई अखबार कहते हैं कि उनको यह खतरा है कि भिंडरावाला कहीं उन को ही न मार डाले। अगर यह खतरा है तो मैं अकाली दल के दोस्तों से, सिख दोस्तों से कहूंगा कि साहस करें। जिनको विश्वास है कि एक्सट्रिमिस्ट जो कर रहे हैं वह गलत है। अगर उनको जान का भी खतरा हो तो जान का खतरा मोल ले कर उनको

सीधे-सीधे सच्ची बात कहनी चाहिए । ऐसे ही लौंगोवाल साहब और भिंडरावाला दोनों दोहरी बातें बोल रहे हैं । समझ में नहीं आता वे कभी कहते हैं कि दो राष्ट्र नहीं हैं, कभी कहते हैं कि तीन राष्ट्र हैं । मेरे मित्र अभी कांग्रेस के बोल रहे थे, मालूम नहीं किस जोश में थे, उनका विचार पता नहीं कहां खो गया था, उन्होंने कह दिया कुछ लोग देश के बाहर से आए । आए होंगे लेकिन सवाल तो आज का है । शायद अगर अकाली दल से उनकी न बैठी तो कल वह कह देंगे कि सिख भी बाहर से आए थे, पता नहीं । खैर सवाल यह नहीं है । सवाल यह है कि जो कुछ अकाली दल कर रहा है या उनके एक्सट्रिमिस्ट कर रहे हैं क्या यह ठीक है और यह स्थिति पैदा क्यों हुई ?

इसके लिए अकाली दल और कांग्रेस दोनों जिम्मेदार हैं । मैं इतिहास का लम्बा चौड़ा पृष्ठ खोलना नहीं चाहता । पहले पंजाबी भाषा की मांग की गई, उसके बाद रीजनल कमेटीज़ बनाई गयीं । किसने समझौता किया ? समझौता आपने किया । अलग पंजाबी सूबा मांगा गया, आपने पंजाब को अलग करके हरियाणा बना दिया । किसने किया, आपने किया । अगर उस समय आप मजबूत होते, कहते कि नहीं पंजाब का बटवारा नहीं होगा तो शायद हो सकता था कि बंटवारा नहीं होता । आज भी आप कह रहे हैं कि हम आपकी बात नहीं मानेंगे, लेकिन मानते भी हैं और दबते भी हैं । क्या यह सच नहीं है कि जब स्वर्ण सिंह जी प्रधान मंत्री महोदय के प्रतिनिधि बन कर अकालियों से बात करने गये थे तब उन्होंने इशारा किया था कि हम आपको सत्ता में भागीदार बनायेंगे । क्यों मुकर गये ? सीधी बात है चाहते थे कि सत्ता में भागीदार न बनाया जाय और झूठी बात से उनको कुछ नाम कर दिया जाय । कांग्रेस के लोगों के सामने केवल एक ही चीज है सत्ता चाहिए, ताकत चाहिए, पद चाहिए । पद के लिए, सत्ता लाने के लिए आसाम में कुछ भी कर सकते हैं, सत्ता के लिए काश्मीर में कुछ भी खेल खेलने के लिए तैयार हो सकते हैं । वहां पर हिन्दू-मुसलमान को लड़ा सकते हैं और आज सत्ता के लिए कभी अकाली दल से कहते हैं कि हमारे साथ समझौता कर लो, हम तुम्हें गद्दी पर ले आयेंगे, नहीं मानते तो तलवार चलाने को तैयार हैं ; लेकिन तलवार ही चलानी है तो हिम्मत के साथ चलाइये लेकिन आप समझौता करते हैं । किस चीज के लिए समझौता करते हैं ? पावर के लिए करते हैं, स्वार्थ के लिए करते हैं ।

भिंडरवाला ने खुल्लमखुल्ला कहा कि मैं दिल्ली आ रहा हूं अपनी बंदूक ले करके । दरबारा साहब ने पहले ऐलान किया कि उनके खिलाफ वारंट है, रेडियो पर कहा कि भिंडरवाला के खिलाफ वारण्ट निकल गया है । लेकिन दो दिन के बाद कह दिया कि वारंट नहीं है । भिंडरावाला दिल्ली आता है, ट्रक में आता है, स्टेनगन ले कर आता है । इतना ही नहीं श्रीमन जेल में जाता है, दिल्ली को, तिहाड़ जेल में वहां पर उसके साथी बन्द हैं, कहता है कि उनसे मिलूंगा । जेल के दरवाजे पर रोक दिया जाता है, पहरेदार कहते हैं कि आप अन्दर नहीं जा सकते । बंदूक, स्टेनगन लेकर जेल में नहीं जा सकते । वह कहता है कि नहीं मैं ऐसे ही जाऊंगा । दरवाजे पर बैठ जाता है, 4–6 घंटे तक झगड़ा होता है । आपकी सरकार, केन्द्र की सरकार, सेठी जी की सरकार कहती है कि हां इन लोगों को स्टेनगन ले करके अन्दर जाने दो, बन्दियों से उनको मुलाकात करने दो । किसने घुटने टेके ? भिंडरवाला को नेता किसने बनाया ?

[श्री जगदीश प्रसाद माथुर]

कौन नहीं जानता, आपने बनाया । मेरे साथी श्री सुरेन्द्र मोहन जी ने कहा कि जब शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के चुनाव हुए तो भिंडरावाला कांग्रेस "आई" के प्रत्याशी थे, हार गये । तो नेता किसने बनाया । कौन नहीं जानता हमारे पहले गृह मंत्री महोदय ने चण्डीगढ़ के अन्दर इमरजेंसी के दौरान और उसके बाद दल खालसा की स्थापना कराई । प्रेस कांफ्रेंस की, किसने बिल पेमेंट किये थे ? लेकिन जब बात बिगड़ी जाती है तो कहा जाता है कि विरोधी दल की सहायता चाहिए । विरोधी दल कोई एक दल नहीं है । तब सबको एक तराजू में नहीं रखा जा सकता । मुद्दों पर इकट्ठे हो सकते हैं। हां आपके साथ लड़ाई का प्रस्ताव होता है, हम जरूर इकट्ठा होंगे, हमें होना ही चाहिए, हमारा कर्तव्य है, हमारा धर्म है, हमारा अधिकार है । लेकिन मीठा-मीठा गप और कड़वा-कड़वा थू यह नहीं चलेगा । जब विरोधी दल ने कहा कि आपको समझौता करना चाहिए तो उस समय बात नहीं मानते, स्वर्ण सिंह जी को भेजते हैं । जब आपकी बात बिगड़ जाती है तो आप विरोधी दलों को इकट्ठा करते हैं । विरोधी दल ने कहा कि आसाम में चुनाव नहीं होने चाहिए, आपने चुनाव कराये । हमने कहा कि वहां खूनखराबा होगा, आपने नहीं माना । आज पंजाब के विषय में भी यह हो रहा है । (**व्यवधान**) यह भी हम भुगत लेंगे । अटवाल साहब की हत्या हो गई, वहां खुले बन्दी की गई, कई पुलिस अफसरों की हत्या की गई, खुले बन्दों में हत्यायें की गईं । लाला जगत नारायण जी की हत्या हो गई, खुले बंदो की गई । चौधरी चरण सिंह को धमकी दी गई है, खुलेआम दी गई है । मेरे दोनों मित्र उधर से बोल रहे थे कि हम यह कर देंगे, हम वह कर देंगे । मैं पूछता हूं कि आपने किया क्या ? आपने कहा कि मुजरिम गुरुद्वारे में घुस जाते हैं बिल्कुल ठीक बात है, नहीं घुसने चाहिएं, हरगिज नहीं घुसने चाहिए । लेकिन श्रीमन वे वहां पैदा नहीं होते, जन्म नहीं लेते, वहां बढ़ते पलते नहीं हैं । वे कहां से आते हैं । रहते तो बाहर ही हैं, जन्म तो बाहर ही लिया है । अन्दर जाते हैं तो इस बीच में कहां से जाते हैं । क्यों नहीं पकड़ते ? पकड़ते इसलिए नहीं क्योंकि आप में पकड़ने की हिम्मत नहीं है । हिम्मत ही नहीं । इच्छा भी नहीं है । कारण क्या है ?

आज जब कि आपने पुलिस इन्स्पेक्टर जनरल श्री भिंडर जी को पंजाब भेजा है, काफी तीसमारखां रहने का इलान कर रहे हैं । बड़ी खुशी की बात है कि कुछ लोगों को वहां पकड़ लिया है । सेठी साहब ने कहा कि तलविंदर सिंह या बलविंदर सिंह, क्या नाम है, जर्मनी में पकड़ा है । क्या कहने यह आपकी पुलिस है । इंटरपोल पकड़ लेती है और सेठी जी अपनी पीठ ठोकते हैं । इण्टरपोल ने पकड़ा । आपने क्यों नहीं पकड़ा ?

अब जब से भिंडर जी पंजाब गये हैं, कुछ पकड़-धकड़ हो रही है । मैं पूछना चाहता हूं कि आज की स्थिति में जब कि आप कुछ पकड़ रहे हैं और कुछ कार्यवाही कर रहे हैं, तो आज की और आज से दो-तीन महीने पहले की स्थिति में क्या अन्तर है ? (**समय की घंटी**) वट वाज़ दी डिफरेंस ? क्या पहले आपके पास पुलिस नहीं थी, क्या आपके पास सेना नहीं थी या वहां कोई मुख्य मंत्री नहीं था, सेठी जो नहीं थे, इनमें से कौन नहीं था ? सिर्फ अन्तर एक है कि सौदा पट नहीं रहा था । समझते थे कि दबाव से अकाली दल को किसी तरह अपने पक्ष में किया जाएगा, उल्लू सीधा किया जाएगा ।

जब देखा कि यह नहीं हो रहा तो सोचा कि अब आग भड़का कर हिंदुओं के वोट लेने के लिए अकाली दल को दबाना पड़ेगा, भारत सरकार ने रवैया बदल लिया। इसमें, श्रीमन्, कांग्रेस और अकाली दल दोनों बराबर कटघरे में खड़े हैं।

हमने मांग की है और फिर मांग करना चाहता हूं कि सरकार श्वेत-पत्र जारी करे, (**समय की घंटी**) श्रीमती इन्दिरा गांधी जी कहती हैं कि पंजाब में विदेशियों का हाथ है। विदेशियों का हाथ हो सकता है, क्यों नहीं होगा, और यह पड़ौसी हमारे कोई दोस्त नहीं हैं। जब कभी यहां कोई घपला होगा, उसका वह फायदा उठायेंगे। आप कह रहे हैं कि विदेशी सरकार का हाथ है, इस विषय में आपकी सरकार क्या कर रही थी ? स्टेट्समैन का हवाला दिया है मेरे मित्र ने, ठीक। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के अन्दर गोरिल्ला ट्रेनिंग कैम्प चल रहे हैं। आपको आज यह पता लगा। अगर आज पता लगा है, तो आप नाअहल हैं, आप अयोग्य हैं, आपको गद्दी छोड़ देनी चाहिए। आपको आज पता नहीं चला, आपको पहले से पता था। आज आप कहते हैं कि अमरीका के लोग साथ दे रहे हैं। आपकी पार्टी के बड़े भारी मंत्री एक बड़े व्यक्ति के पुत्र कहते हैं कहा जाता है कि खालिस्तानी नेता की रीगन से मुलाकात हुई, क्या यह ठीक बात है। अगर मुलाकात हुई, आपने पहले क्यों नहीं बताया। आज प्रधान मंत्री बार-बार कह रही हैं कि विदेशियों का हाथ है। अगर विदेशियों का हाथ है, बताना चाहिए किस का हाथ है, क्यों नहीं बताते ? (**समय की घंटी**) लेकिन उन्हें झूठ या सच्चाई से मतलब नहीं, उनका केवल एक मतलब है कि आग जलती रहे और हम हाथ तापते रहें।

यह दोहरी नीति नहीं चलेगी। हमारे लिए चण्डीगढ़ पंजाब में जाए या हरियाणा में जाए, पानी इधर जाए कि उधर जाए, इसमें कोई फर्क नहीं पड़ता जब तक कि वह हिन्दुस्तान के अन्दर है।

मैं पूछना चाहता हूं कि जब शाह कमीशन का फैसला हो गया था तो श्रीमती इन्दिरा गांधी ने फैसले को नहीं माना। अपना एवार्ड दिया। वह भी लागू नहीं किया। क्यों ?

श्री (मौलाना) असरारुल हक़ : सौ चूहे खा कर .... **(व्यवधान)**

†[شری (مولانا) اسرار الحق : سو چوہے کھاکر .....]

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : इसलिए आवश्यकता इस बात की है कि छोटी-छोटी बातों को न देखा जाए। बड़े दिमाग लाइये, जैसे हिन्दुस्तान के बड़े देश की सरकार है, ऊंचा दिमाग रखें, बड़े दिमाग रखें। आप डिटरमिंड हो जाइये। अगर अकाली दल बात करने के लिए आता है, आना चाहिए।

मैं अपील करता हूं अकाली नेताओं से कि बात करें। जैसे कई मित्रों ने कहा है अकाली दल की नीयत भी साफ नहीं है (**समय की घंटी**) वह दुनिया भर की मांग करते हैं। मैं कहना चाहता हूं कि आपकी भी नीयत साफ नहीं है। आपका भी दिल दिमाग साफ नहीं है। आप अपना दिल साफ कर लीजिए, फिर जो हिम्मत के साथ फैसला करना है, करिये। देश के हित में जो ठीक समझते हैं, करिये। फिर देखिए कि देश आपका साथ देगा। आप स्वार्थ को छोड़ कर, छोटी दलगत भावना को छोड़ कर हिम्मत से काम लीजिए।

इतना ही मेरा निवेदन है।

†[ ]Transliteration in Arabic Script.

SHRI HANSRAJ BHARDWAJ (Madhya Pradesh): Madam, Vice-Chairman, I am surprised at the dangerous attitude adopted by the Opposition today. I have heard all the three speakers now from the Opposition. The one representing Janata Party in very clear terms said that Akalis are not responsible in any manner for the violence in Punjab. They are not responsible for the atmosphere of violence which has been created in Punjab. They have not pointed out, the speaker did not point out, as to who are responsible for the violence in Punjab.

AN. HON. MEMBER: You are responsible.

SHRI HANSRAJ BHARDWAJ: The first speaker said that there is no violence in Punjab. Then, Mr. Surjit Spoke. I am greatful to him He has elaborately pointed out that it is not only one foreign country which is involved, but numerous countries are involved in the violence in Punjab. He has said that this destabilisation is a continuous process against the Indian nation. The third Member who spoke right now stands in two places. He is just like a person who did some good things as well as some bad thing in his life. Then, ultimately, when he stood before the God, God asked him 'You have done some good thing; I now give you a offer; would you like to go to Heaven or you want to go to Hell? He said 'I would like to stay in between so that the customers from both sides can come to me and I can sell my commodity'. These are the people who want to stay in between both the sides. They want to be with the Akalis and still they say that they are keen to solve this problem. Today, can you deny this fact that the holy places of worship in Punjab have turned into sanctauries of armaments, have turned into hiding places for illicit arms? Is Mr. Surendra Mohan defending this? Is he supporting this? Who are the persons who are harbouring the criminals in these gurudwaras? Can you extend the Gurudwara Act to the whole country in such a situation when you have seen that whatever Gurudwaras which are there in Punjab are used only to harbour criminals? Places of worship have been turned into places for harbouring criminals. I do not think the people of India will agree to such a situation. I myself am a Punjabi. I was educated in Punjab. I learnt Punjabi up to matriculation. But unfortunately, it is the Akalis who are responsible for turning us out of Punjab and we are today known as Haryanvis. We never wanted Haryana, as a matter of act at any time. We have lost all the hill stations because of the narrow-mindedness of these people. I can speak Punjabi better than any Akali. But they would not allow us to prosper in Punjabi culture and civilisation. This is narrow-mindedness.

You will kindly see that the situation which has been created today in Punjab is aided, abetted and conspired by foreign powers. I was in America and I met about 20 professors from India, people who were there in New York, who were there in Florida, in Boston, in Harvard and so on. They complained to me that it is the Pakistanis and the Americans jointly who are trying to bribe our people in America as well as in India to raise the bogey of Khalistan. Can you deny this fact? Should you not have condemned this? Mr. Mathur should have condemned this at the outset. He should have said that we condemn those foreign powers who are trying to divide this country, those who want that India should not be strong. This should have been condemned by Mr. Mathur. Should you not take a proper line? You are not taking a patriotic line. Mr. Mathur, your party has been exposed thoroughly. It was the Congress which brought freedom to this country in which Hindus, Muslims, Sikhs and Christians fought together. Today also, they are fighting together. You do not represent that culture. You can say so. Therefore, you kindly forget about this.

AN HON. MEMBER: Mr. Mathur is a good man.

SHRI HANSRAJ BHARDWAJ: It is not a question whether Mr. Mathur is a good man or a bad man. The question

is, let everybody in this country, let every countryman, know who speaks what. Please be very clear in your tone. You speak in one clear tone. You should say whether you support the Khalistan movement, whether you condemn the violence in Punjab or not. This is the question. I would have liked today in this House that leaders from all parties made clear their stand on this question before the Chair. But nobody knows today what their stand is. You should be clear in your stand. You condemn our Prime Minister, our party, our leadership. Our Party's stand has been very clear on this. So far as the religious demands are concerned, they have already been conceded. We respect all Gurus, Sikh, Gurus. They are our Gurus. They are not Pakistani Gurus or American Gurus they are our Gurus and we worship them and, therefore, there is no difficulty.

Then, the second thing is about the water and territorial disputes. You should not forget that Justice Shah decided the issue. He was equally an important jurist. He decided the issue and these people have not accepted it. Do the Punjabi think that the Supreme Court Judge or the High Court Judge or a tribunal will unite the Punjabis, or one Judge will unite them? If that is so, let them select one. But the question today is of uniting the hearts of the Punjabis. We have to find out who is responsible for dividing the hearts of the Punjabis. The mischief has to be nipped and the miscreants have to be nabbed. The miscreants are those who go to the Akalis, who are their companions, who have shared power with them. In 1977 the Janata Government came to power. They had a clear majority, but still Shri Morarji Desai took two Ministers from them. What is this? This is the real relationship. the BJP was sharing power in Punjab with the Akalis. Can you deny this aspect of the matter, Mr. Mathur? You were together in the power and power is the most cementing friendship. Therefore, you must know that people have known you. You were in collaboration with the National Conference in Jammu and the people have rejected you there because of your dubious game. Therefore, if you are really sincere. if you are really prepared to solve this problem, to restore peace in Punjab, you must unite. As Mr. Surjeet said, this is the time. The question of how much water should go to Punjab and how much water should go to Haryana has to be decided by the two sides. How can the Prime Minister say that the Haryana people are not part of India? For Punjab also you cannot say that it is one Sikh Government or Hindu Government. Both the States have to discuss between themselves and decide the issue.

About Chandigarh, we were all educated in Chandigarh. How can you debar us from going to Chandigarh? If you want Chandigarh to be given to Punjab, Haryana should also be able to build a separate capital. No Haryanvi is very happy to travel 200 miles to Chandigarh and then find no place and come back. All these questions have to be discussed dispassionately but people like you, who do not have a clear stand, cannot give any clue to the solution of the problem of Punjab. Haryana and Punjab; they were together. People of the two States are still together, whether they are the Sikhs or the Hindus or the Muslims. I will also tender an apology about the remarks of Shri Sukul right now. In India, India is one nation, equally belonging to the Hindus, Sikhs, Christians and Muslims. The Muslims have fought for the country's freedom as much as the Hindus have fought. The Sikhs have equally contributed to the freedom struggle. So, the question today is, who is dividing them? You have said Mr. Surjeet—it is you who is abeting it—Pakistan is equally interested in it because armed Pakistan is always a danger. On the other side they are collaborating to weaken this country and when somebody outside is weakening the country, the tradition has been in India that we all stand united. That is the moment today. We must strengthen the hands of the Prime Minister and the Government. Those who blame the Government, are not true to their conscience. They must do some heart-searching. Therefore,

[Shri Hansraj Bharadwaj]

today is the moment when we should unequivocally condemn and say that no criminal should be harboured in any temple, in any gurudwara, in any mosque. Today I am reminded of one couplet from Jigar and I quote:

"आज तो जहर के सागर तकसीम होते हैं,
शराबे जिन्दगी के नाम से।"

All the sacred places, whether they were the churches in Assam or the mosques or the temples or the guruwaras, are harbouring criminals. God is supposed to live there. The sanctity of these places has to be maintained. We cannot really tolerate this thing. I would have loved if the Government would have taken stern action against such people and taken them out of these places in order to maintain the sanctity of our religion, of our gurus, of our other things. But that is not happening. Government will kindly consider all these aspects. All the people are looking towards Punjab. Today those who are speaking in this House, the nation is going to read their mind. They cannot simply get away by saying that the Prime Minister is not solving this problem. It is not correct to say that it is the problem of the Prime Minister or the problem of the Congress(I) or the problem of the Home Minister. It is the problem of everyone of us who is a political thinker, who is a politician or a social worker. Even an ordinary citizen has to contribute to this. The Supreme Court or the High Court cannot bring normalcy in Punjab. We can accommodate each other and in that process it is the duty of every citizen to strengthen the hands of the Prime Minister. Thank you.

श्री सत्यपाल मलिक (उत्तर प्रदेश) : महोदया, माननीय गृह मंत्री जी का जो बयान है, उन्होंने कुछ मेहरबानी हम लोगों पर की है वरना जो पिछले दिनों से आदरणीया प्रधान मंत्री जी के भाषण जो इस देश में हो रहे हैं उनसे तो सारी जिम्मेदारी पंजाब के लिए हमारे विरोधी दलों पर ही आ जाती है जब कि यह सच है कि विरोधी दलों ने इस मामले में बहुत ही कंस्ट्रक्टिव रोल अदा किया और खास तौर से हमारी पार्टी के लीडर, हमारी पार्टी के अध्यक्ष ने औरों से हट कर कई मामलों में आपको सख्त कदम उठाने के लिए कहा और उसमें सहयोग देने की अपील की। लेकिन आपके बयानात इस बात को साबित करते हैं कि आप पंजाब के मामलों पर राष्ट्रीय दृष्टि से नहीं देख रहे हैं। मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ यह इल्जाम लगाना चाहता हूं कि आप और अकाली दोनों राजनीति के लिए इस झगड़े को लम्बा चलाना चाहते हैं। आप राजनीति के लिए इस देश के टूटने की जमीन तैयार करना चाहते हैं। हम आप को सहयोग देने के लिए तैयार थे, लेकिन जो आपका रवैया है उसको देख कर बहुत तकलीफ होती है। मैं आपको श्री दुष्यन्त कुमार का एक शेर सुनाना चाहता हूं जो बेहतरीन शायरों में से हैं, लेकिन अब नहीं रहे —

"उनकी अपील है कि उन्हें हम मदद करें,
चाकू को पसलियों से गुजारिश तो देखिए।"

श्रीमन्, आजादी के बाद, मैं इस बात की बहस में नहीं पड़ता हूं कि आपकी पार्टी से बोलने वालों ने भारत माता का नाम लिया लेकिन, भारत माता का हाथ पैर कटा हो तो उसके लिए हम जिम्मेदार नहीं हैं, आप जिम्मेदार हैं। हमारी पीढ़ी के लोग जिम्मेदार नहीं हैं, पुरानी पीढ़ी के लोग जिम्मेदार हैं। लेकिन आजादी के बाद जो लोग देश की तामीर करने में लगे हुए हैं, उन्होंने देश के बंटवारे से सबक नहीं लिया। आपने कोई सबक महात्मा गांधी के कत्ल से नहीं लिया। महात्मा गांधी के कत्ल होने के दो महीने बाद संविधान सभा प्रस्ताव पास करती है कि इस देश में जो संगठन धर्म के नाम पर, जाति के नाम पर इकट्ठा होते हों, और

दूसरे वर्ग के देश के लोगों को उसमें शरीक न करते हों उनको राजनीति में हिस्सेदारी न करने दी जाए । उसके बाद मुस्लिम लीग के साथ सरकार आप बना लेते हो । अकाली दल के साथ सरकार बना लेते हो । गांधी के हत्यारों का देश में कुछ नहीं बिगड़ता है । तमाम लोग धर्म, सम्प्रदाय और जातिवाद की ज्वाला में उसी तरह से जलते हैं । 1959 में लोक सभा में जवाहरलाल नेहरू से पूछा जाता है कि तुमने मुस्लिम लीग के साथ क्यों सांठ-गांठ की है, तो जवाहरलाल जी कहते हैं कि यह नई मुस्लिम लीग है, यह वह मुस्लिम लीग नहीं है । इसी तरह से हिन्दुओं के सांप्रदायिक संगठनों, विदेशी क्रिश्चियन मिशनरियों के संगठन जो गलत काम कर रहे थे उन तमाम के ऊपर आपकी तरफ से कोई पाबन्दी नहीं लगती है और आप चुनाव में, राजनीति में और तमाम कामों में सारे संप्रदायों की गन्दगी को बहने देते हैं । मुसलमानों की नई पीढ़ी पाकिस्तान का बोझ कंधों पर नहीं उठा रही थी। सिक्खों के वह जवान जो 1947 से पहले क्या चाहते थे, जो सिख, मुस्लिम, इसाई और हिन्दू लड़के साथ साथ पढ़ते थे, साथ-साथ रहते थे, जिनके अन्दर कभी जिरह नहीं होती थी कि तुम किस सम्प्रदाय के हो, आज वह एक दूसरे पर शक करते हैं । मेरी पत्नी सिक्ख है, मेरी दो बहनें सिक्खों में ब्याही हैं, लेकिन आप ने देश के लिए यह झगड़ा पैदा किया । जिस वक्त अकालियों की सरकार वहां थी, तब यह मामला क्यों नहीं उठा ? जिस वक्त अकाली यहां सरकार में थे, उस समय गंगासिंह दिल्लों आया, जिस सम्मेलन में उन्होंने तकरीर की, उसमें उन नेताओं का बर्चस्व प्राप्त था । भिंडरावालां किसकी पैदायश है ? इसके बारे में बहस की जरूरत नहीं है । दरबारासिंह आजादी की लड़ाई के सिपाही हैं, लेकिन वह ऐक्सट्रीमिस्ट्स से लड़ना चाहते थे, लेकिन रोज दिल्ली में बैठे हुए आपकी पार्टी के लोग उसको जलील करते हैं । डी० आई० जी० अटवाल का 101वां कत्ल हुआ, लेकिन इसके लिए चार्ज शीट दाखिल नहीं हुई है । इसके लिए आप जिम्मेदार हैं । अपोजिशन के लोग जिम्मेदार नहीं हैं। आप गरीबी हटाओ के नारे पर एक बार जीतकर आ चुके हैं हमारी गलती से दूसरी बार, लेकिन तीसरी बार आने का सवाल है । इसके लिए फिर सारे मुल्क को बरबाद करना चाहते हो ।

मैं बड़ी जिम्मेदारी के साथ कहना चाहता हूं कि इस देश में खालिस्तान को चाहने वाले आज बड़ी तादाद में नहीं हैं। कोई अगर यह कहता है कि पंजाब के सारे सिख खालिस्तान चाहते हैं तो यह कह कर वह गलती करेगा। लेकिन आप चाहते हैं। मैं ऐसा मानता हूं कि अकालियों ने जो सबसे बड़ी गलती की है हमारी पार्टी ने हमारे नेताओं ने उनकी उस गलती के लिए उनको कभी बख्शा नहीं है । हमारे नेता ने डी० आई०जी० श्री अटवाल के मरने के बाद एक चिट्ठी लिखी थी कि गुरुद्वारों में पुलिस जा सकती है । हम यह जानते हैं कि, कोई तीर्थ स्थान, कोई मन्दिर, मस्जिद गुरुद्वारा, गिरजा इस देश का इतना पवित्र नहीं है कि कत्ल करके कातिल उसमें बैठ जाए और उसकी गिरफ्तारी न हो। लेकिन जब हमारे नेता लिखते हैं तो उसके जवाब में माननीय प्रधान मंत्री लिखती हैं कि ऐसा करने से एक सम्प्रदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचेगी । आपको शिकायत किस बात की है । आप करना कुछ नहीं चाहते । लेकिन इल्जाम हमारे ऊपर लगाते हैं । माननीया, इस बीच कोई मुकदमा दर्ज नहीं होता । हम यह मानते हैं कि यहां मोडरेट्स भी हैं और एक्स्ट्रीमिस्ट भी हैं । लेकिन जो गलत काम है उसके लिए हम किसी को माफ नहीं करने वाले हैं। हमारी पार्टी ने बार-बार कहा है कि किलिंग की निन्दा करते हैं । हम चाहते हैं कि

[श्री सत्यपाल मलिक]

अकाली दल जो कुछ पंजाब में हो रहा है उसकी निन्दा करे। गिरफ्तारी करने के लिए गुरुद्वारों में पुलिस भेजी जा सकती है। सख्ती होनी चाहिए और अकालियों की जो गैर-वाजिब मांगें हैं हम उनके साथ नहीं हैं, यह हम कहना चाहते हैं। हम हरियाणा के साथ ज्यादती के खिलाफ हैं। हरियाणा को ज्यादती के साथ हम खड़े रहें यह हमारी राय है। इसमें सबसे ज्यादा नुकसान हरियाणा को है। हरियाणा के पास कोई लीडरशिप नहीं है। नालायक और कमजोर लीडरशिप है। इसलिए सारे मामले में हरियाणा के साथ ज्यादती है। हम इस मामले में उनके साथ हैं। लेकिन आप, कुछ नहीं करना चाहते। हमारा निवेदन यह है कि जो खालिस्तान को चाहने वाले लोग है या एक्स्ट्रीमिस्ट हैं उनके साथ आप यह गलती न करें कि सारे पंजाब के सिखों को जोड़ दें। हिंदुओं में भी नालायक लोग हैं। चौधरी छोटूराम जैसी महान हस्ती ने जिन्हा साहब को लाहौर से वापस कर दिया था। उन हिन्दुओं द्वारा उस के लिए उसकी जिंदगी में बराबर छोटू खां नाम लिखा जाया करता था। सभी फिरकों में सभी तरह के लोग हैं लेकिन आपकी नीतियां और आपने जानबूझ कर अपने हिंदुओं की कियादत उन नालायकों को दे दी है और सिखों की कियादत खालिस्तान चाहने वाले एक्स्ट्रीमिस्ट एलीमेंट को दे दी है। मसला हल हो सकता था और अब भी मसला हल हो सकेगा-मगर मसला हल हो गया तो चुनाव किस बात पर लड़ा जायेगा। अकालियों की एक अजीब स्थिति है। आज अकालियों की मांगें अगर मान ली जाती हैं तो परसों पता नहीं कोई नया संत खड़ा हो हो जायेगा और कहेगा कि मैं जल जाऊंगा अगर मेरी फलां-फलां मांग नहीं मानी जायेगी। कांग्रेस उसको हवा दे देगी। जो तथाकथित मोडरेट्स हैं उनको फिर आंदोलन में कूदना होगा, फिर लड़ाई खड़ी हो जायेगी अकाली अपनी राजनीति के लिये और आप अपनी राजनीति के लिये पंजाब को और सारे देश को कम्युनल लाइन पर डिवाइड कर रहे हैं। इस देश को तोड़ना चाहते हैं। मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ कहना चाहता हूं।

माननीय गृह मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि 1970 का एवार्ड हो गया था। उसके बाद जो डिस्प्यूटिड एरिया थे उस पर कमीशन आपने बैठाया था या हमने बैठाया था। आपने बैठाना था तो क्यों नहीं बैठाया। आज जो यथास्थिति पैदा हो रही है उसके चलते फायदा किस को है। आपको है अकालियों को है। हरियाणा को एस वाई एल के न बनने वजह से लिंक न बनने की वजह से एक बूंद पानी नहीं मिल रहा है। पंजाब को पानी मिल रहा है। पंजाब को कोई दिक्कत नहीं है। दिक्कत है तो हरियाणा को। फाजिल्का और आबोहर आज पंजाब के पास है। पंजाब को कोई परेशानी नहीं है। अगर परेशानी है तो हरियाणा को है। लेकिन मैंने कहा कि हरियाणा में कोई लीडरशिप कांग्रेस की नहीं है। हमारे करने से कुछ होने वाला नहीं है हमारी नियत यह नहीं है कि हरियाणा को किसी कम्युनल लाइन पर पंजाब के खिलाफ खड़ा करें या अकालियों के खिलाफ खड़ा करें। इसका नजायज़ फायदा उठा कर आप हरियाणा के हितों के साथ ज्यादती कर रहे हैं। अजीब बात यह है कि जब फैसले की बात चलती है तो बाकियों से मश्विरा होता है और हरियाणा के चीफ मिनिस्टर को हुक्म दिया जाता है। हम इसका विरोध करते हैं। कुल मिलाकर

यह कहना चाहते हैं कि आपने सारे देश में यह फिजा पैदा करने की कोशिश की कि देश को खतरा है, हम इस बात से हटते नहीं है कि देश को खतरा है। जो सच बात है उसको हम मानेंगे। हमारी पार्टी के लीडरों ने माना है। जिम्मेदारी के साथ मैं कहता हूं कि अमेरिका जो सिर्फ 10 हजार सिपाही हैं फिलिस्तीनी मुक्ती मोर्चा के और जिनके पास अपनी दो गज जमीन नहीं है अपने दफन होने के लिये उस 10 हजार फिलिस्तीनी मुक्ती मोर्चा को बर्दाशत नहीं करता तो क्या वह 60 करोड़ हिंदुस्तानियों को बर्दाश्त करेगा? अमेरिका पूरी जिम्मेदारी के साथ इस मुल्क को तोड़ना चाहता है। हम आपके साथ सहमत हैं कि यह सच है कि पाकिस्तान इस सारे मामले को बढ़ा कर हमारे देश को तोड़ना चाहता है।

यह भी सच है कि यह सारा आंदोलन कुछ तत्वों द्वारा चलाया जा रहा है जिनका सम्पर्क पाकिस्तान और अमेरिका के साथ है। लेकिन आपका बोलने का जो अंदाज है उससे ऐसा लगता है कि सारी सिख कौम इसमें है। ऐसी हालत पैदा करनी चाहती है जो संकट देश का नहीं है, यह संकट सीमाओं तक ही नहीं है बल्कि एक बहुत बड़ा संकट पैदा करके आप इस देश में दुबारा हीरो बनना चाहते हैं। सारे देश के लिए खतरनाक चीज पैदा करके उसकी रोजी और रोटी के सवाल को अलग करके, समाज व्यवस्था को बदलने के सवाल को अलग करके, आप चाहते हैं कि सारा मुल्क आपके पीछे लगा रहे। आप यह डर पैदा करना चाहते हैं कि देश टूट रहा है। इस प्रकार से आप एक चुनाव तो जीत सकते हैं। हमारी गलतियों की वजह से या अकालियों की बेवकूफी की वजह से—मैं यहां पर यह शब्द इस्तेमाल करने के लिए मजबूर हूं और उनके रवैये की पूरी तरह से निंदा करता हूं। वे अपने आप को एक्सट्रीमिस्टस् से अलग नहीं कर सके। मैं मानता हूं कि कि उनमें अच्छे लोग भी हैं। लेकिन वे उग्रवादियों से अपने को अलग नहीं कर सके। मैं यह कहना चाहता हूं कि सेठी साहब, आप एक चुनाव जीतने के बाद उस पर मुक्कमल तौर पर शासन नहीं कर सकते हैं। मैं बहुत अदब के साथ कहना चाहता हूं कि मुल्क के सामने यह सवाल नहीं है कि इंदिरा जी प्रधान मंत्री रहें या कोई दूसरा प्रधान मंत्री रहे। अगर इस मुल्क की एकता को कायम रखने के लिए यह भी लिखवाना जरूरी हो कि इंदिराजी के बाद श्री राजीव गांधी प्रधान मंत्री होंगे तो हमारी पार्टी यह लिखने के लिए तैयार है, लेकिन देश की अखण्डता को कायम रखा जाना चाहिए। हमारे देश की जनता नालायक सरकार को बर्दाश्त कर सकती है, लेकिन इस देश को टूटने नहीं दे सकती। उसके लिए वह हर कुरबानी को देने के लिए तैयार है। आप चालाकी से इस देश को नहीं चला सकते। आप इस देश में अमेरिका और पाकिस्तान के इंटरफेयरेन्स का डर पैदा करके समस्याओं को हल नहीं कर सकते हैं। आप देश में एक नकली संकट पैदा करना चाहते हैं। मैं यह साफ कहना चाहता हूं कि अगर देश टूट जाएगा, देश का एक भाग टूट जाएगा तो आपके हाथ में सिर्फ प्रशासन और पुलिस ही रह जाएगी। सारा देश आपके इशारों पर नहीं चल सकता है। प्रधान मंत्री कोई भी हो यह बड़ी बात नहीं है। दुनिया में लायक प्रधान मंत्री भी हुए हैं और नालायक प्रधान मंत्री भी हुए हैं। इतिहास इन बातों का हर क्षण गवाह रहता है। आने वाली नस्लें हमें अपने पैमाने से देखेंगी। इसलिए मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि आप पंजाब के सम्बन्ध

[श्री सत्यपाल मलिक]

में अपने बातचीत के लहजे को बदलिये । गालियां देने से काम नहीं चलने वाला है । आप ईमानदारी के साथ इन समस्याओं का समाधान कीजिये । अगर आप साम्प्रदायिक तत्वों और संगठनों के खिलाफ कार्यवाही करेंगे, उग्रवादियों के साथ सख्ती से पेश आने का फैसला करेंगे, अलगाववादी तत्वों के खिलाफ कार्यवाही करेंगे तो सब लोग आपके साथ सहयोग करेंगे । लेकिन अगर आप वोट प्राप्त करने के लिए, चुनाव लड़ने के लिए, मुल्क को तोड़ने के लिए कोई कोशिश करेंगे तो उसका हम सब विरोध करेंगे । इतना ही कह कर मैं अपनी बात समाप्त करता हूं ।

श्री सुलतान सिंह (हरियाणा) : उपाध्यक्ष महोदय, सबसे पहले तो म अपने लायक दोस्त मलिक साहब का शुक्रिया अदा करता हूं कि उन्होंने हरियाणा के कॉज की वकालत की । लेकिन साथ-साथ मैं उनसे एक दर्खास्त भी करना चाहता हूं कि वे इस बात का भूल गये कि सन् 1977 में अकाली पार्टी का जो मैनीफेस्टो था उसमें मैन जो बातें थी वे सब आनन्दपुर साहब के रिजोल्यूशन की थी । आनन्दपुर साहब के रिजोल्यूशन को अपने मैनीफेस्टो में रख कर अकाली पार्टी चुनाव जीत कर आई थी । मलिक साहब को याद होगा कि बाबू जगजीवन राम जी की जो सी० एफ० डी० थी जब मंत्रिमण्डल बनने लगा तो चौधरी साहब ने एक शर्त रखी कि बाबू जगजीवन राम जब तक सी० एफ० डी० को नहीं तोड़ते हैं, इनको केबिनेट में नहीं शामिल किया जाएगा । और दूसरी शर्त यह रखी कि जो अकाली पार्टी आनन्दपुर साहब रेजोल्यूशन पर जीतकर आई है वह अकाली पार्टी के तौर पर रहेगी । सरदार प्रकाश सिंह बादल और धन्नासिंह गुलशन 1977 की जनता पार्टी की सरकार में मिनिस्टर बने । दोनों को मिनिस्टर बनाने में सब से बड़ा हाथ चौधरी चरण सिंह का था । उन्होंने अकाली पार्टी को यह नहीं कहा कि वह अकाली पार्टी को तोड़कर जनता पार्टी में आ जायं और जो अकाली पार्टी आनन्दपुर साहब रेजोल्यूशन जीतकर आई थी और जिसके अन्दर स्टेट अटोनमी वे मांग रहे थे, उनको उन्होंने अपनी सरकार में शामिल किया । इसके साथ-साथ हमारी विरोधी दल के भाई बार-बार जिक्र करते हैं कि कांग्रेस मामले को उलझाना चाह रही है । सुरजीत साहब बैठे हैं । यहां पर और भी बहुत सारे पुराने साथी हैं । सरदार खुशवन्त सिंह बैठे हैं । अमृतसर के अन्दर कांग्रेस का सैशन हुआ 1956 में और उस वक्त वहां अकाली पार्टी का सैशन भी था और उसी जगह जनसंघ का सैशन भी था और सारा अमृतसर तीन दिनों तक जलूसों का केन्द्र बन गया था । कांग्रेस का जलूस दो मील लम्बा तो अकाली पार्टी का चार मील लम्बा और इसी तरीके से जनसंघ वाले महा पंजाब का नारा लगाते थे और अकाली दल पंजाब स्टेट का नारा लगाते थे । वहां पर उन सारे सेशनों के बाद एक फैसला हुआ और वह यह फैसला हुआ कि दो रीजनल कमेटियां बनेंगीं, एक पंजाबी रीजन और एक हिन्दी रीजन और वहां पर यह लैंग्वेज फार्मूला रखा कि पंजाबी रीजन में डिस्ट्रिक्ट लेबल पर पंजाबी रहेगी और बच्चों का जो माध्यम पढ़ाई का पहली जमात से होगा वह पंजाबी में होगा और जो हिन्दी रीजन है उसको डिस्ट्रिक्ट लेवल पर भाषा हिन्दी होगी और वहां जो बच्चों की पढ़ाई होगी वह पहली जमात से हिन्दी में होगी । कांग्रेस ने इस बात को माना और अकालियों के साथ समझौता किया और अकाली कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए । हमने उनको अकाली कह कर टिकट नहीं दिये । आप लोगों ने अकाली रख कर उनको मिनिस्टर बनाया । उनको हमने कहा कि भई यह नीली पगड़ी बदल कर सफेद पगड़ी बांधो, गांधी

भंडार से खद्दर की पहनो और कांग्रेस के मैम्बर बन जाओ और हमारे सिद्धान्तों को मानो। इसका नतीजा यह हुआ कि ज्ञानी करतारसिंह और ज्ञानसिंह राड़ेवाला कांग्रेस सरकार में कैबिनेट मंत्री बने, बाकायदा कांग्रेस का फार्म भर कर मिनिस्टर बने। आपकी तरह नहीं कि अकाली रख कर मिनिस्टर बनाया। पहले वे कांग्रेसी बने और फिर मिनिस्टर बनाया। इसके साथ-साथ 1956 में रीजनल फार्मूला बना और रीजनल फार्मूला बनते ही अकालियों ने डिमांड शुरू कर दी पंजाब स्टेट की। जनवरी 1966 को पंजाब सूबा मान लिया और पंजाबी सूबा बनने के बाद एक बाउण्ड्री कमीशन बैठा, शाह कमीशन। शाह कमीशन आपके लिए भगवान है। आप सारे शाह कमीशन को बहुत अच्छा मानते हैं सारे विरोधी दल वाले। उस शाह को जिसको आप अपना भगवान मानते हो उसका कमीशन बनाया, बाउण्ड्री कमीशन। उस शाह कमीशन की रिपोर्ट आई कि चंडीगढ़ हरियाणा को जाय इन्क्लूडिंग खर्ड और बाकी जो हिन्दी रीजन है वह हरियाणा का है और जो पंजाबी रीजन है वह पंजाब का है। उस रिपोर्ट को किसने इंकार किया? जो आज कहते हैं कि वाटर कमीशन बिठाओ, बाउण्ड्री कमीशन बिठाओ। उस कमीशन की रिपोर्ट को इन्कार किया अकाली पार्टी ने और उसका नतीजा क्या निकला? उस हर्ड के इलाके को उस वक्त माइनस कर दिया और चंडीगढ़ को यूनियन टैरीटरी बना कर अंडर डिस्प्यूट छोड़ दिया। फिर दर्शनसिंह फेरूमान एक बहुत बड़े देशभक्त थे उन्होंने अपनी जान दे दी, शहीद हो गए संत फतेह सिंह जी ने कहा कि मैं जल कर मर जाऊंगा अगर चंडीगढ़ पंजाब को न दिया जाये।

5 P. M.

इन्दिरा जी ने पंजाब को चण्डीगढ़ दिया संत फतेह सिंह की जान बचाने के लिए। उसका नतीजा क्या निकला। हरियाणा के अन्दर 12 लोग गोली से मारे गये एजीटेशन करते हुए और पंजाब के अन्दर दीवालीं मनाई गई और उसी फैसले में यह लिखा था कि चण्डीगढ़ पंजाब को दिया जाएगा और फाजिल्का और अबोहर हरियाणा को। आप बताइये कि इस फैसले से किसने इन्कार किया? थोड़े दिन के बाद अकाली फिर मुकर गये। फिर रावी-ब्यास का पानी क्योंकि इंडस ट्रीटी 1970 में एक्सपायर हो गई इसलिए जो पानी पाकिस्तान को जाता था वह बन्द हो गया और हिन्दुस्तान की प्रधान मंत्री ने यह फैसला कर दिया कि 3.5 मिलियन एकड़ फुट पानी हरियाणा को मिलेगा और 3.5 मिलियन एकड़ फुट पानी पंजाब को मिलेगा और जो पानी पाकिस्तान में जाता था उसका बंटवारा किया। उस फैसले को दोनों सरकारों ने मान लिया। लोगों की चुनी हुई सरकारों ने मान लिया। पंजाब में भी लोगों की चुनी हुई सरकार है उसने उस फैसले को मान लिया और लोगों की चुनी हुई सरकार जो हरियाणा में है उसने भी मान लिया लेकिन अकाली उस फैसले को नहीं मानते। आप ईमानदारी से बताइये विरोधी दलों के लोग यहां पर बैठे हैं, क्या अकालियों की कोई रिप्रेजेंटेटिव केपेसिटी पंजाब में है? क्या वह चुने हुए लोग हैं, पार्लिया-मेंट के अन्दर 13 सीटों में से 12 सीटें कांग्रेस के लोग जीत कर आए? पंजाब के अन्दर कांग्रेस की सरकार है चुनी हुई सरकार है लोगों के चुने हुए नुमाइंदे जिस फैसले को मानते हैं उस को चंद अकाली नहीं मानते और आप उनका समर्थन कर रहे हैं। आग आप लगाना चाहते हैं या बुझाना चाहते हैं पहले इस बात को खुद आप सोच लें। आपने मीटिंग की। कितनी बार विरोधी दलों की मीटिंग हुई है। मुझे ताज्जुब हुआ जहां मलिक साहब का मैं शुक्रिया अदा करता हूं वहां एक बात का गिला भी है। चौधरी

[श्री सुलतान सिंह]

चरण सिंह को जब विजयवाड़ा कनक्लेव में इनवाइट किया गया तो उन्होंने कहा कि जहां रीजनल पार्टियां इकट्ठा होंगी मैं वहां नहीं जाऊंगा। हम सब लोगों ने बड़ी बढ़ाई की। बदकिस्मती से दो खत लिख दिये चौधरी चरण सिंह अकालियों को मुखालफत करते हैं, आपको गोली से मारा जाएगा। दो खत मिलते ही तब वह उनकी कनक्लेव में चले गये। वहां बलवन्त सिंह और प्रकाश सिंह बादल बैठे हुए थे। मेरी बात गलत हो तो मैं वापिस लेने के लिए तैयार हूं। उसी रामाराव ने विजयवाड़ा में बुलाया तो चौधरी साहब नहीं गये और वही रामाराव चौधरी साहब का कान पकड़ कर ले गये आज आप कहते हैं कि चौधरी साहब ने ...

श्री सत्यपाल मलिक : मैं ओब्जेक्शन करता हूं आपको भाषा पर। यह मुझ को प्रोवोक करना चाहते हैं कि अकालियों को धमकी की वजह से चौधरी चरण सिंह चले गये। मैं कोई सख्त बात कहूं। मैं एक स्पष्टीकरण करना चाहता हूं। विजयवाड़ा कनक्लेव में हमारी पार्टी गई, हमारी पार्टी का जनरल सेक्रेटरी गया। दिल्ली की कनक्लेव में हमारा यह ओब्जेक्शन था कि हम सिर्फ पंजाब की समस्या पर जो कनक्लेव बहुगुणा जी ने बुलाई है उसमें नहीं जाएंगे। जब एन० टी० रामाराव ने कहा कि यह बहुगुणा की कान्फ्रेन्स खत्म और यह नये सिरे से कान्फ्रेंस जो है यह विजयवाड़ा का एक्सटेंशन है मैं इसको चलाऊंगा और मैं पंजाब के मामले में जो आपके ब्यूज़ हैं उनको इंडोर्स करूंगा तब चौधरी चरण सिंह गये और अगले दिन एन० टी० रामाराव ने प्रेस कान्फ्रेन्स करके पंजाब के मामले में जो चौधरी चरण सिंह की राय है उसको इंडोर्स किया।

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : एक बात आप गलती से कह गये, कान पकड़ कर ले गये वह निकाल दीजिए, एक समझदार आदमी ऐसी बात नहीं कहता। यह कहना कि चौधरी साहब को कान पकड़ कर ले गये, अच्छा नहीं लगता। (**व्यवधान**)

श्री सुलतान सिंह : मैंने कोई गलत बात नहीं की है। यह नहीं कि मैं चौधरी साहब की इज्जत घटाना चाहता हूं। मेरे दिल में उनके प्रति बड़ी इज्जत है लेकिन मैंने एक फैक्ट बता दिया है।

श्री रामेश्वर सिंह (उत्तर प्रदेश) : आपने वह शब्द वापिस लिया है या नहीं ?

श्री सुलतान सिंह : रामेश्वर सिंह जी, आप एक बात सुन लीजिए। चौधरी साहब उस मीटिंग में बैठे। जहां अकाली मौजूद थे, जहां बलवन्त सिंह मौजूद था, जहां प्रकाश सिंह बादल मौजूद था जिस कनक्लेव में प्रस्ताव पास किया लेकिन चौधरी चरण सिंह ने वाक आऊट नहीं किया। यह फैक्ट है।

श्री सत्यपाल मलिक : अकाली कोई विदेशी नहीं हैं। हम विपक्षी वार्ता में उनके साथ बैठे हैं ... (**व्यवधान**)

श्री रामेश्वर सिंह : आपने कहा था कि "कान पकड़ने" की बात जो कहते हैं, अगर यह असंसदीय है तो हम वापस लेते हैं। मैं मानता हूं कि वह उन्होंने वापस ले लिया।

श्री सुलतान सिंह : ले लिया है।

उपसभाध्यक्ष [डा० (श्रीमती) नाजमा हेपतुल्ला] : ले लिया है, आप बैठ जाइये।

श्री रामेश्वर सिंह : मेरा कहना है कि हमारा यह कंडीशन था हम उस कंडीशन में हैं कि अकाली दल यह निन्दा करेगा कि हम निन्दा को नापसद करते हैं । पहली बात तो यह है कि आप इसको गलत ढंग से सदन में मत रखिए। श्री सत्यपाल मल्लिक ने इस बात को बता दिया है कि हमारा उसमें कंडीशन था और अकाली कोई बाहर के नहीं हैं ... (**व्यवधान**) तो निश्चित रूप से देश का विभाजन होगा, उसको आप नहीं रोक सकते हैं। अकालियों के साथ आपको हमदर्दी का एटीट्यूट लेना होगा । अकालियों को देश के अन्दर समझना होगा और भिंडरवाला जैसे लोगों को जो अराजकता की बात करते हैं जो देश को तोड़ने की बात करते हैं, वह कहते हैं कि ... (**व्यवधान**) उनके खिलाफ एक नफरत का ... (**व्यवधान**)

उपसभाध्यक्ष [डा० (श्रीमती) नाजमा हेपतुल्ला] : आप बैठ जाइये । उनको अब न लिखें । अगर वह कहना न मानें तो न लिखें ।

श्री रामेश्वर सिंह : *

उपसभाध्यक्ष [डा० (श्रीमती) नाजमा हेपतुल्ला] : बेकार है, आपका कुछ लिखा नहीं जायेगा । कोई फायदा नहीं है ।

श्री सुलतान सिंह : मेरे दिल में चौधरी साहब की बड़ी इज्जत है । अगर ऐसी कोई बात है तो मैं वापस ले लेता हूं । लेकिन म एक बात कहता हूं . . . (**व्यवधान**)

उपसभाध्यक्ष [डा० (श्रीमती) नाजमा हेपतुल्ला] : ले लिया है ।

*Not recorded.

श्री सुलतान सिंह : मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि आज विरोधी दल वाले बार-बार जो कहते हैं कि इंदिरा गांधी फैसले को बाहर रखना चाहती हैं, आप यह तो बता दीजिए कि कौन-सा इशु ऐसा है जिसका इंदिरा जी ने फैसला नहीं किया हो। चंडीगढ़ फाजिल्का विभाजन का फैसला किया, रावी ब्यास के पानी का फैसला कर दिया और फैसला कौन-सा बाकी है जिसके लिए आप बार-बार कहते हैं कि इंदिरा गांधी उन्हें बाहर रखना चाहती हैं। उपसभाध्यक्ष महोदया, मैं एक बात का गिला करता हूं आपोजीशन के लोगों से कि जहां बार-बार मीटिंग करके यह कहते हो कि चंडीगढ़ पंजाब में जाना चाहिए वहां आज तक आपने एक भी प्रस्ताव में यह नहीं कहा कि फाजिल्का, अबोहर हरियाणा को जाना चाहिए और इसके साथ साथ मैं यह भी कहे बगैर नहीं रह सकता और आप सच मानेंगे इस बात को कि चौधरी साहब ने एक बार नहीं बार बार कहा है कि मैं हरियाणा के एक्जिस्टेंस के खिलाफ हूं मैं नहीं चाहता था कि यह पंजाब का बंटवारा हो ।

श्री सत्यपाल मलिक : चौधरी चरण सिंह जी ने कहा कि मैं पंजाब के बंटवारे के खिलफ था ... (**व्यवधान**) इसका यह मतलब नहीं होता है ।

इसके माने यह है कि आपने मजहब और भाषा के आधार पर सूबे बनाने की शुरुआत की, आपने भाषा और सम्प्रदाय के आधार पर सूबे बनाये ... (**व्यवधान**)

श्री रामेश्वर सिंह : एक मिनट मेरी बात सुनिये । क्योंकि यह अहम बहस हो रही है । यह बहस दूसरी तरफ मुड़ रही है । हम लोग पंजाब के बंटवारे के खिलाफ थे । हम लोगों ने बराबर विरोध किया उस वक्त हम लोकदल में नहीं थे, उस वक्त

[श्री रामेश्वर सिंह]

लोकदल का वजूद नहीं था । मैं उस वक्त संयुक्त समाजवादी दल में था । राजनारायण जी उस समय सदन के मेम्बर थे । आप सुन लीजिए... (**व्यवधान**) चौधरी चरण सिंह जी ने कहा कि पंजाब का बंटवारा बुनियादी तौर पर गलत हो रहा है । पंजाब का अगर बंटवारा न हुआ होता तो आज देश की यह हालत नहीं हुई होती । आज पंजाब में जो कुछ भी हो रहा है वह कांग्रेस पार्टी की देन है । (**व्यवधान**) जिस मुस्लिम लीग ने देश का बंटवारा कराया, उसके साथ आपने सरकार बनाई । आपने कौन सा ऐसा काम किया जिससे ... (**व्यवधान**)

उपसभाध्यक्ष [डा० (श्रीमती) नाजमा हेपतुल्ला] : यहां डिसकशन हो रहा है उस स्टेटमेंट के ऊपर जो होम मिनिस्टर ने दिया है, यहां चौधरी चरण सिंह के ऊपर डिसकशन नहीं हो रहा है कि उन्होंने क्या कहा, क्या नहीं कहा (**व्यवधान**) ।

श्री रामेश्वर सिंह : चरण सिंह ही एक ऐसे आदमी हैं जिन्होंने हिम्मत के साथ इस बात को कहा है और इस पार्टी की सरकार में कोई आदमी नहीं है.... । हमने कहा है कि धर्मस्थल देश में बराबर ही हैं और धर्मस्थल में अगर कोई दूसरा रहता है और देश के बंटवारे की बात करता है, देश को तोड़ने की बात करता है, तो उस धर्मस्थल पर पुलिस को भेजो... (**व्यवधान**)

उपसभाध्यक्ष [डा० (श्रीमती) नाजमा हेपतुल्ला] : अब आप अपने भाषण को खत्म कीजिए ।

श्री रामेश्वर सिंह : : काहे के लिए पुलिस को रखा, क्यों नहीं भिंडेरवाला को गिरफ्तार करते हो, बल्कि आप चाहते हो कि यह स्थिति बनी रहे और देश का बंटवारा हो, आप ऐसा चाहते हैं ।

श्री सुलतान सिंह : उपसभाध्यक्षा महोदया मैं तो अर्ज कर रहा था और मैं इस बात पर फिर गिला करता हूं कि मेरे अपोजीशन के दोस्त ठंडे दिल से यह सोचें कि हरियाणा के लोग भी इस देश के व्यक्ति हैं । आप यह न समझें कि खाली अकाली ही इस देश के वासी हैं, हरियाणा के लोग इस देश के वासी नहीं हैं । मुझे ताज्जुब होता है ... (**व्यवधान**)

श्री रामेश्वर सिंह : यह तो आप सोचें ।... (**व्यवधान**) ।

श्री सुलतान सिंह : मैं तो अर्ज कर रहा हूं ... (**व्यवधान**) ।

श्री रामेश्वर सिंह : आप एक मिनट रुकिये । उपसभाध्यक्षा महोदया... (**व्यवधान**)

उपसभाध्यक्ष [डा० (श्रीमती) नाजमा हेपतुल्ला] : नहीं रुकेंगे ।

श्री रामेश्वर सिंह : सेठी जी ने इसी सदन में कहा था—आप सुनिए उपसभाध्यक्षा महोदया एक मिनट के लिए ।

उपसभाध्यक्ष [डा० (श्रीमती) नाजमा हेपतुल्ला] : नहीं मैं नहीं सुनूंगी ।

श्री रामेश्वर सिंह : हम कहते हैं कि सरकार ने इस स्थिति को कायम किया है ।

उपसभाध्यक्ष [डा० (श्रीमती) नाजमा हेपतुल्ला] : अब आप खत्म करें । अब आप बैठ जाइये ।

श्री सुलतान सिंह : तो मैं अपने अपोजीशन भाइयों से एक ही प्रार्थना करता हूं कि वह यह भी मान कर के चलें कि हरियाणा भी इस देश का एक हिस्सा है । रावी, और व्यास के पानी के बारे में वह कहते हैं कि केसेज ट्रिब्यूनल में जाएं, बाऊंडरी के बारे में ट्रिब्यूनल में जाएं और कहते हैं कि चण्डीगढ़ पंजाब को दे दिया जाए ।

क्या खास बात है ऐसी ? अगर आप सारे केसेज को किसी कमीशन में भेजना चाहते हैं, तो... (**व्यवधान**) आप तो कमाल कर रहे हैं, आप हरियाणा के दुश्मन हैं क्या ?

श्री रामेश्वर सिंह : हम तो हरियाणा के साथ हैं ।

श्री सुलतान सिंह : यह कोई तरीका है क्या ? सब से बड़े दुश्मन आप हैं हरियाणा के, जो हरियाणा के नाम पर बोलने नहीं देते ।

श्री रामेश्वर सिंह : आप हरियाणा की बात बोलिए ।

श्री सुलतान सिंह : मैं तो हरियाणा की ही बात बोल रहा हूं । मैं यह बात कहना चाहता हूं ।.... (**व्यवधान**) ।

श्री रामेश्वर सिंह : उपसभाध्यक्षा महोदया ... (**व्यवधान**) ।

उपसभाध्यक्ष [डा० (श्रीमती) नाजमा हेपतुल्ला] : आप बात तो सुनिए । आप उनकी बात तो सुन नहीं रहे हैं ।

श्री सुलतान सिंह : जब अपोजीशन वाले यह कहते हैं कि यह सारे केसेज बाउंडरी के कमीशन को जाएं तो फिर चण्डीगढ़ का क्यों नहीं जाएं ?

एक बात मैं और कहना चाहता हूं । माथुर साहब बड़े गर्म हो कर बोल रहे थे कि यह सरकार फिरकापरस्ती को ताकत दे रही है । लेकिन वह इस बात को भूल जाते हैं—आडवाणी साहब तो यहां बैठे हैं, जितनी बार पंजाब के अन्दर अकाली दल ताकत में आया वह जनसंघ की वजह से आया कांग्रेस की वजह से नहीं आया ।

कांग्रेस ने हमेशा फिरकापरस्ती का मुकाबला किया है, चाहे वह हिन्दू फिरकापरस्ती थी चाहे वह सिख फिरकापरस्ती थी, चाहे वह और किसी किस्म की फिरकाप्रस्ती थी । उसी का नतीजा है कि आज सारे देश के अन्दर एक वातावरण चेंज हो रहा है । मैंने पिछली बार भी एक बात कही थी कि नागालैण्ड में इससे भी बुरी हालत थी, मिजोराम में इससे भी बुरी हालत थी, असम में इससे भी बुरी हालत थी, आनन्दमार्गी मूवमेंट इससे बहुत तेज थी, नक्सलाईट मूवमेंट इससे भी तेज थी और आज वह नजर नहीं आ रही है । मैं एक बात और कहना चाहता हूं ... (**व्यवधान**) ।

श्री रामेश्वर सिंह : आपने मिजोरम की समस्या ... (**व्यवधान**) वहां पर आपने एक पार्टी से .... (**व्यवधान**) ।

श्री सुलतान सिंह : आज मैं फिर एक बात दावे से कहता हूं कि अगर श्रीमती इन्दिरा गांधी ताकत में रहीं तो दुनिया की कोई ताकत इस देश के टुकड़े नहीं कर सकती । यह श्रीमती इन्दिरा गांधी ही हैं जिसने हिन्दुस्तान के भूगोल को बढ़ाया है, सिक्किम को इस के अन्दर शामिल किया है । ... (**व्यवधान**) । आप उन लोगों का समर्थन करते हैं जो खालिस्तान डिमांड करते हैं । बार-बार आप आनन्दपुर साहब रिजाल्यूशन को सपोर्ट करते हैं, बार-बार आप उन को समर्थन देते हो (**व्यवधान**) । मैं ज्यादा न कहते हुए ...

श्री रामेश्वर सिंह : आपने खालिस्तान पर चुनाव लड़ा है पंजाब में । सारी खालिस्तान की स्थिति आप ने पैदा की है ।

श्री सुलतान सिंह : मैं बार-बार अपने विरोधी दल वालों से दरख्वास्त करता हूं कि कृपा करके हरियाणा पर रहम करो । वह भी एक प्रदेश है, उस की भी समस्याएं हैं । राजस्थान जैसा प्रदेश सारा सूखा है उस को पानी मिल जाय तो विरोधी दलों को क्या नुकसान है । जनता पार्टी चाहती है कि राजस्थान को पानी न मिले, बी० जे० पी० चाहती है कि राजस्थान को पानी न मिले, जनता पार्टी चाहती है कि हरियाणा को फाजिल्का-अबोहर न मिले ।

एक माननीय सदस्य : गलत ।

श्री सुलतान सिंह : अगर यही तरीका रहा ....

श्री शिव चन्द्र झा (बिहार) : प्रधान मंत्री नहीं चाहती हैं । (व्यवधान)

श्री सुलतान सिंह : इतनी ही बात कह कर मैं आप को धन्यवाद देता हूं ।

श्री इन्द्रदीप सिंह (बिहार) : उपाध्यक्ष महोदया, मैं बड़े ही ध्यानपूर्वक अपने दोस्त चौधरी सुलतान सिंह की बात सुन रहा था । मैं उन को आश्वासन देना चाहता हूं कि विरोधी दल के लोग हरियाणा के खिलाफ नहीं हैं और न पंजाब के खिलाफ हैं । हम इस देश के साथ हैं, देश की एकता चाहते हैं। हरियाणा भी देश का अभिन्न अंग है, पंजाब भी देश का अभिन्न अंग है, राजस्थान भी देश का अभिन्न अंग है और हम इस देश की एकता को रक्षा करना चाहते हैं । हमें इस बात पर प्रसन्नता होती है कि जब सरकारी पक्ष के लोग---देर से ही सही--- खुल कर कहने लगे हैं कि हमारे देश के भीतर विघटनकारी तत्वों को बढ़ावा देने वाली विदेशी शक्तियां हैं, अमरीकी सरकार की और पाकिस्तान सरकार की शक्तियां हैं और वे हमारे देश का विघटनकारी शक्तियों को बढ़ावा दे रही हैं । आप अगर सरकारी पक्ष के लोग यह बात कहते हैं तो हमें खुशी होती है, लेकिन साथ-साथ हम आशा करते हैं कि अपने इस कथन के अनुसार वे आचरण भी करेंगे । आचरण में उन को क्या करना चाहिए, वह मुझे बताने की आवश्यकता नहीं लेकिन हम और सारा देश इस की आशा करता है कि आप महज प्रचार के लिए यह न कहें बल्कि उस के मुताबिक आचरण करें ।

जहां तक सेठी साहब का वक्तव्य है, इस वक्तव्य से मुझे निराशा हुई है ।

उपसभाध्यक्ष (श्री सैयद रहमत अली) पीठासीन हुए

निराशा इस लिए हुई कि पंजाब की जो स्थिति है देश के लिए वह स्थिति कितनी चिन्ताजनक है उसका अहसास इस वक्तव्य में नहीं झलकता । उस गुत्थी को सुलझाने के लिए इस वक्तव्य में कोई रचनात्मक सुझाव नहीं है । सुझाव क्या है ? पानी का सवाल और क्षेत्रीय विवाद दोनों विवादों को ट्रिब्यूनल के हवाले कर दिया जाय । मैं सेठी साहब से पूछना चाहूंगा कि क्या इन दोनों सवालों पर कुछ सहमति पहले बनी थी या नहीं । सरकारी पक्ष के लोगों ने विरोधी पक्ष की बड़ी बड़ी आलोचनाएं की हैं । हम लोगों को कह दिया है कि आप खालिस्तान के सपोटर हैं, आप देश को तोड़ने वाले हैं, यह ऐसे ऐसे लोगों ने कहा जिन का जन्म भी उस समय नहीं हुआ था जब हम लोग कांग्रेस के स्वयंसेवक बन कर लाठी खाते थे । ऐसे ऐसे लोग भी

अपना भाषण देते हैं । उन का जवाब देने की आवश्यकता मैं नहीं समझता हूं । विरोधी पक्ष के लोगों ने---सेठी जी इस बात को स्वीकार करेंगे---इस समस्या को सुलझाने में कुछ योगदान किया है और अकाली दल के नेतृत्व को 45 मांगों पर से उतार कर 4 पर ले आये हैं, विवाद अब केवल 4 पर रह गया है ।

तो आज देश सदन के सभी पक्षों के उन लोगों से इस बात की अपेक्षा करता है जो भी देश की एकता और इस की आजादी के प्रेमी हैं, देश किन से यह अपेक्षा करता है कि वे चार विवादग्रस्त प्रश्नों का ठोस समाधान पेश करें । क्या समाधान आप पेश करते हैं इसी कसौटी पर मैं सेठी जी के बयान को कसने की कोशिश करता हूं; और जो हमारे माननीय सदस्यों ने भाषण किये हैं उन को भी कसने की कोशिश करता हूं । और इसीलिए मुझे निरशा होती है । अभी श्री सुरजीत ने बताया और उन्होंने चारों प्रश्न उठाये। उनमें से धार्मिक मागें सरकार ने मान ली हैं । एक त्रिपक्षीय बैठक में इत्तफाक से मैं था जिस में धार्मिक मांगों पर कुछ बातें चल रही थीं । लेकिन जब सरकार ने उनको मान लिया तो हम लोगों ने एतराज नहीं किया । गोकि कुछ ऐसी मांगें हैं जिन को हम पसंद नहीं करते हैं । लेकिन उनको छोड़ दिया जाय । अभी अखिल भारतीय गुरुद्वारा कानून का प्रश्न है । सात गुरुद्वारे हैं जिन को अकाली नेता ऐतिहासिक गुरुद्वारे मानते हैं । जैसा कि सुरजीत जी ने बताया उन सातों गुरुद्वारों की प्रबन्ध समिति ने इस पर सहमति दे दी है और मैं समझता हूं कि इसके बाद सरकार को वह बिल पेश करने में कोई कठिनाई नहीं होनी चाहिए । अभी तक सरकार ने ऐसा कोई ऐलान नहीं किया । बदकिस्मती से सेठी जी ने इस वक्तव्य में भी उस की चर्चा नहीं की । क्या मैं आशा करूं कि अन्त में, जवाब देते समय वह कहेंगे कि अब सारी कठिनाइयां दूर हो गई हैं और इन ऐतिहासिक गुरुद्वारों के बारे में अखिल भारतीय गुरुद्वारा कानून बनाने में सरकार को कोई कठिनाई अब नहीं होगी ।

दूसरा प्रश्न था केन्द्र और राज्यों के सम्बन्ध के बारे में । शासक दल के एक सदस्य ने कहा कि राज्यों के लिए अधिक अधिकार की मांग करना देशद्रोह है । मैं समझता हूं कि ऐसे दोस्तों को राजनीति फिर से पढ़नी चाहिए । ऐसे बहुभाषी राष्ट्र में, इतने बड़े देश में जहां भिन्न-भिन्न भाषायें हों, रीति-रिवाज हों और भिन्न-भिन्न जातियों के लोग बसते हों वहां राज्यों को क्षेत्रीय स्वशासन का अधिकार मिलना चाहिए इसी आधार पर हमारा सारा संविधान बना है । संघीय संविधान का आधार ही है राज्यों के लिए आटानोमी । अधिक आटानोमी, अधिक क्षेत्रीय स्वशासन का अधिकार उनको मिलना चाहिए और इस को जो लोग "देशद्रोह" मानते हैं, वे, मैं समझता हूं देश की एकता के दुशमन हैं । ऐसी बातें शोभा नहीं देतीं । ऐसी बातें नहीं कही जानी चाहिए लेकिन यह विवाद का प्रश्न आज नहीं है । क्योंकि इस प्रश्न पर सरकार ने सरकारिया आयोग बना दिया है और मैं आशा करता हूं कि उस के टर्म्स आफ रेफरेंस भी उपयुक्त होंगे । उसमें दूसरे सदस्य भी लिये जायेंगे और वह इस समस्या का निदान कर सकेगा ।

बाकी रह गये दो और प्रश्न---जल का विवाद और क्षेत्र का विवाद । चौधरी सुलतान सिंह जी चले गये । विपक्ष नहीं चाहता कि जो पानी हरियाणा को मिल रहा है वह छीन कर पंजाब को दे दिया जाय । या जो राजस्थान को मिल रहा है वह पंजाब को दे दिया जाय । प्रश्न यह है कि जो पानी बह कर पाकिस्तान जा

[श्री इन्द्रदीप सिंह]

रहा है संधि का अवधि पूरी होने के बाद भी जिस को बहते हुए दस बारह साल हो गये जितना पैसा हमारे देश ने पाकिस्तान को दिया है, उस पानी को इस्तेमाल करने के लिए क्यों नहीं कुछ किया जाता थीन डैम बन जाने के बाद उस पानी का उपयोग हो सकता था वह आज तक नहीं बना। वह अगर बन जाय तो कुछ अतिरिक्त पानी के बंटवारे का सवाल होगा। 1955 की जो संधि है भारत और पाकिस्तान के बीच में वह एक अन्तर्राष्ट्रीय संधि है और अकाली दल इस बात पर सहमत हो गया है कि 1955 की संधि को वह मानता है और उस संधि के पुनरीक्षण की मांग वह नहीं करता है। पहले शायद उन्होंने की हो। तो अब जो जल का विवाद है, रावी, सतलुज और व्यास, इन तीन नदियों का जो पानी है पंजाब और हरियाणा में उसके वितरण का सवाल है। वितरण का सवाल इसलिए महत्वपूर्ण है कि थीन डैम बनने के बाद और पानी मिलेगा। राजस्थान के बारे में मैं नम्रतापूर्वक कहना चाहूंगा कि राजस्थान नहर में अभी भी जो पानी जा रहा है लेकिन राजस्थान सरकार उस पानी को इस्तेमाल करने में असमर्थ है। वह पानी इकट्ठा हो कर झील बन रहा है।

वहां से लोग भाग रहे हैं, बस्तियां उजड़ रही हैं पानी के बिना तो पानी का इस्तेमाल वहां नहीं होता। तो राजस्थान का पानी कोई छीनना नहीं चाहता। बल्कि पाकिस्तान के साथ संधि के अनुसार जो अतिरिक्त जल मिलेगा थीन डैम बनने के बाद उस जल का कैसे विभाजन होग, हरियाणा पंजाब में इसको सुपुर्द कर दिया जाए एक आयोग को। इसमें कौन सी ऐसी बात है जिसको आप कहेंगे कि देश के हित या हरियाणा अथवा राजस्थान या पंजाब के हित के खिलाफ है? अगर किसी अकाली नेता ने ऐसी कोई मांग की थी तो वह गलत थी। विरोध पक्ष के नेताओं का सहमति पर उनको राजी किया जा सका है तो इसके लिए विरोध पक्ष को धन्यवाद देने के बजाए शासक दल के लोग उनको गालियां दे रहे हैं।

अब रह गया क्षेत्रीय विवाद का सवाल। चौधरी सुलतान सिंह ने कहा कि प्रधान मंत्री ने जो अवार्ड दिया था 1970 में उसमें चंडीगढ़ पंजाब को दिया था और फाजिल्का और अबोहर हरियाणा को दिया था और बाकी के जो छोटे-छोटे झगड़े हैं उनके बारे में आयोग को बात कही थी। अभी जो विरोध पक्ष के लोग अकाली दल के नेताओं के साथ बैठे या उसके पहले जो त्रिपक्षीय वार्ता हुई तो सिद्धान्त रूप में दो या तीन बातें तय पाई थीं। एक तो चंडीगढ़ पंजाब को जाना चाहिए। चंडीगढ़ के विभाजन का कम से कम कम्यूनिस्टों ने समर्थन नहीं कया सी० पी० आई० या सी० पी० एम० ने। उसके बदले में हरियाणा को क्षेत्रीय और वित्तीय दोनों तरह की वाजिब क्षतिपूर्ति को जानी चाहिए। उसे इलाके भी मिलना चाहिए और उसको वित्तीय सहायता भी मिलनी चाहिए और हरियाणा अपनी दूसरी राजधानी बना सके इसके लिए सुविधा मिलनी चाहिए। अभी किसी सदस्य ने कहा कि हम दो सौ मील दूर चंडीगढ़ को जाना नहीं चाहते हैं। हरियाणा दूसरी जगह राजधानी बनाए तो हम इसको पसन्द करते हैं। छोटे-मोटे विवादों के लिए आयोग आप बना दीजिए। तो विरोध पक्ष के लोगों ने जो पिछली बार मीटिंग की है जिसमें अकाली दल के नेता भी मौजूद थे वहां सर्व सम्मिति से ऐसा प्रस्ताव पास किया था। मैं तो आशा करता था कि सेठी जो उसको स्वीकार करेंगे, उसके आधार पर कहेंगे कि हम त्रिपक्षीय वार्ता

करने के लिए तैयार हैं । . . (**समय की घंटी**) . .

मैं अन्त में यही सेठी जी से निवेदन करूंगा कि इस विवाद में दलीय दृष्टि से देखने का प्रयत्न न करें । देश का हित सर्वोपरि रख कर आप त्रिपक्षीय बैठक बुलाइये विरोध पक्ष के पास आप जाइए अकाली दल के नेताओं को बैठाइये और इसमें समझौता करने की कोशिश कीजिए । इस बात पर सहमति हो जाएगी तो जैसा कामरेड सुरजीत सिंह ने कहा, मैं इस बात से सहमत हूं कि अन्य प्रश्नों का कोई न कोई हल निकल आयेगा ।

उपसभाध्यक्ष (श्री सैयद रहमत अली) : आपका वक्त ज्यादा हो चुका है समाप्त करिये ।

श्री इन्द्रदीप सिंह : तो मेरा कहना है कि वहां जो ऐंक्सट्रीमिस्ट्स हैं उनको जनता से पृथक् किया जा सकता है, उनका मुकाबला किया जा सकता है । आप के दल में इस अनुशासन की आवश्यकता है कि आप के दल के जो बड़े बड़े नेता हैं भिंडरावालां साहब के पैर छू कर प्रणाम करते हैं, या आपकी सरकार के लोग उनके अनुयाइयों को सेल्फ-लोडिंग गन के साथ दिल्ली में परेड करने का मौका देते हैं, ऐसी रियायतें उनको न दिया करें तो अकाली दल के नेताओं के साथ समझौता करने के बाद कोई ऐंक्सट्रीमिस्ट ऐसा नहीं कर सकता उनका मुकाबला किया जा सकता है और मैं समझता हूं कि पंजाब और हरियाणा दोनों की सुरक्षा इसी में है, दोनों के हितों की रक्षा इसी में है, जिसके लिए हम सब को मिल कर काम करना चाहिए ।

SHRIMATI AMARJIT KAUR (Punjab): Before I start my speech, I welcome you as Vice-Chairman of this august House and wish you all the best.

श्री रामेश्वर सिंह : मैडम आप तो हिन्दी अच्छी तरह बोलती हैं । . . (**व्यवधान**) . . .

श्रीमती अमरजीत कौर : मैं पंजाबी अच्छी तरह बोलती हूं ।

श्री रामेश्वर सिंह : आप हिन्दी अच्छी बोलती हैं ।

श्रीमती अमरजीत कौर : पंजाबी आती है हिन्दी नहीं आती है ।

SHRI V. GOPALSAMY (Tamil Nadu): At least, now I am happy to hear you speaking in English. So far, I was in trouble.

SHRIMATI AMARJIT KAUR: Mr. Vice-Chairman, Sir, the Punjab solution has an all India importance. Therefore, it has to be debated keeping the national interest in view. It requires a dispassionate discussion and all concerned should help in the solution of the problem. But I am sorry to say that the Opposition is trying to complicate the matters by shifting their stand. Punjabis have always stood for the integrity of the country and fought for its freedom unitedly. No forces can divide any part of our country, much less Punjab. Those who have been trying to support the extremists or the disruptive forces are only a handful of people and do not represent the Punjabi culture. Violence has no place in our culture and civilization. I would like to point out, Sir, that whenever the Akalis have started the agitation, Punjab has always been the loser. Punjab has never gained. I would like to remind my colleagues, if you remember, during the Punjabi Suba agitation, what did Punjab get? Punjab was divided. Whenever these Akalis started the agitation, we never gained. That time Haryana came into being from Punjab and Himachal was made with the result we were left with a small Punjab. Now, again, I would like to say that the Akalis are trying to create differences. During this agitation we have gained nothing. They have tried to create differences

[Shrimati Amarjit Kaur]

between the Sikhs and the Hindus, in which, I am sorry to say, they will not succeed. And it is not possible to separate the Sikh from the Hindus because they are all closely related. And as you know, the Sikhs earlier on have been the creation from the Hindus.

Sir, this time, the Akali agitation has brought down the downfall of Punjab. Progress of Punjab is at a standstill. Businessmen, maybe Hindus or maybe Sikhs, are not feeling secure in their business, with the result they are shifting their business from Punjab. Akali agitation has, in fact, given the Sikh community a bad name because of raising the issue of Khalistan. Only a handful of Sikhs are for Khalistan. You cannot confine the Sikh or any Punjabi to any place. They go anywhere in India or outside. Wherever they go, they can get progress. You cannot confine them to just one State.

Sir, the water and territorial issue is nothing new. It has been there for many years. If the Akalis were genuinely interested in the welfare of Punjab, why did they not solve it during the Akali-Janata rule in Punjab from 1977 to 1980? For nearly three years, the Akalis had their Ministers. Sardar Surjit Singh Barnala was the Cabinet Minister for Agriculture and Irrigation at the Centre. Why did they not solve the Ravi-Beas water issue? Why have they suddenly raised the issue now? Was it not important during their three-year rule? This shows that it is a political issue. They are not serious in solving that problem. Why are they not responding to the invitation of the Government? Sir, Sardar Harkishan Singh Surjeet has accused the Congress (I) leaders for creating the Hindu Raksha Samities. I would like to inform him that it is the creation of the Jana Sangha and the R.S.S. We are grateful to the hon. Prime Minister who has already conceded the religious demands of the Sikh community. The matters regarding territorial adjustments and water disputes have been offered to be referred to a tribunal. Therefore, there is not much left for which we should disturb the Punjab peace and weaken the country as a whole. Thank you.

SHRI KHUSHWANT SINGH (Nominated): Sir, it would appear very much that we are like the needle of a grammaphone caught in their grooves. It used to be Assam. Now it is the Punjab. In the speeches of the Government, the opposition, and, in fact, all of us, we have been saying the same thing over and over again for a year and a half. I hope that now somebody either from the Government side or the opposition side who would move this needle forward to something different and something more positive. Quite obviously the prime responsibility for this falls on the Government. I rely on the statements of the Prime Minister, the Home Minister, the Chief Minister of Punjab and Mr. Rajiv Gandhi to make the following comments, largely to put the record straight. The Prime Minister has gone on record to say that at different times the Akalis have been adding to their demands. To the best of my knowledge they made a concise list of 45 demands and to this day they have not added a single more demand to these 45. It has also been stated that the religious demands of the Akalis have been conceded. Yes, two or three very peripheral demands have been conceded. But the basic demand of an all-India Gurdwara Act has been hanging fire. All the time we have been told that consultations are going on with the States. As my friend Mr. Surjeet has mentioned, the main Gurudwaras involved have agreed to this Act. I do not understand why then this is taking so much time. I know that our telephone system is very faulty. But surely it does not take a year and a half to get the reactions of the States and go ahead with something which exclusively concerns the Sikh community.

Much has been said about the misuse of Gurudwaras for habouring criminals. Mr. Home Minister, if you have any concrete evidence of criminals being harboured inside the Golden Temple, you should place it on the Table of the House. At one time a list of 40 men was given to the Akali Dal. It was found that at least four of these 40 men were not even living in this country. They were living abroad.

If you have been to the Golden Temple, as I know you have been, it has several entrances. At each of these there are large

numbers of armed police men and security officers who know by photographs and by contact who these criminals are. How is it that in all this time you have not been able to put your hand even on one of them? What kind of a Government or police you are running when a senior police officer is killed outside the gates of the Golden Temple and his assassin gets away in broad daylight? Is this the kind of evidence that you are going to give us and say that the Golden Temple is being misused.

Then, you have said frequently that the Akali leadership has been very soft towards extremists and Khalistani elements. I concede that at one time they were. But in recent months they have made strong criticism and strong condemnation of all these acts of violence. The latest reports talk of foreign interference. We all know that when a doctor does not know what is wrong with his patient, invariably he says that this is some kind of viral fever. The same thing is happening here. If we cannot get at the root of something then we say it is the CIA. Comrade Surjeet also said it. Have we got any evidence of C.I.A. interference? And even more recently it was said that Pakistan is creating Nihangs, or at least making Muslims into Nihangs and sending them into Punjab. Mr. Home Minister, have you caught any one of these people, the so-called Pakistani Nihangs?

श्री रामानन्द यादव (बिहार) : मैं आपसे कुछ पूछ सकता हूं . . . (**व्यवधान**)

उपसभाध्यक्ष (श्री सैयद रहमत अली) : यादव जी, अगर आपको कुछ कहना है तो आप डाइरेक्ट मेम्बर से कुछ नहीं कह सकते हैं। पहले आपको चेयर से इजाजत लेनी चाहिए। आप इत्तफाक करेंगे कि इस तरह से तफसील में इंटरवीन करना मुनासिब बात नहीं है।

श्री रामानन्द यादव : उपसभाध्यक्ष जी, यह परिपाटी रही है कि जब कोई भी मेम्बर भाषण देता है तो अगर कोई मेम्बर उनसे जानकारी हासिल करना चाहता है तो वह उनसे पूछ सकता है। अगर वह कह दें कि नहीं, तो ठीक है। लेकिन यह परिपाटी रही है।

SHRI KHUSHWANT SINGH: And if you have, do you know how to tell a Muslim Nihang from a non-Muslim Nihang? In the presence of ladies, I need not tell you; but I can explain how you can find out a Muslim Nihang and the other Nihang. The point simply is, when you make these insinuations about foreign agents infiltrating into Akalis and Akalis being influenced by them, you are insinuating treason; you are accusing Akalis of being treasonous to their country. As you well know, the record of the Akali party in patriotism and sacrifice is perhaps much bigger than that of your party or the opposition parties put together.

DR. RAFIQ ZAKARIA (Maharashtra): Question mark.

SHRI KHUSHWANT SINGH: You can put a big question mark. I will be answering. When you make this kind of treasonous insinuation and then, Mr. Sethi, you more than anyone else, have got into this gramophone groove saying 'Government doors are always open', what person with any self-respect who has this stigma of treason put on him, is going to enter these doors that you always talk of being kept open?

Having said all this, let me say clearly again that I have absolutely no brief for the Akalis. I feel that when they say that they condemn Khalistan and that do not support the demand. It is enough. Words be followed by actions. They must stop talking the language of separatism. It is my conviction that they must either abrogate or amend the Anandpur Sahib Resolution in which seeds of separatism are clearly present. They say and to that extent they are correct—that we are a separate religion. But are not a separate nation. We are not Hindus; we are Sikhs but we are Hindus. I think it is time that the Akalis came out more categorically in condemning the separatist tendencies.

[Shri Khushwant Singh]

They also must condemn violence in more positive terms. They must also let Nirankaris off the hook because this confrontation has gone on far too long. Nirankaris have offered to expunge offensive references to Sikhism from their books. This offer should have been accepted long ago and something done to come to a settlement with these people. It is unfortunate that at this very critical juncture, the Sikh community should be led by people who do not even know the interests of their own community.

(समय की घंटी)

श्री रामेश्वर सिंह : उनको और समय दे दीजिए ।

उपसभाध्यक्ष (श्री सैयद रहमत अली) : रामेश्वर सिंह जी, आपकी सिफारिश की जरूरत नहीं है, मैं माफी चाहता हूं । मैं अपनी जिम्मेदारी का महसूस करता हूं । मैं जिस तरह से हाउस को चलाना चाहता हूं उसमें मैं आपकी सिफारिश का मोहताज नहीं हूं ।

SHRI SHRIDHAR WASUDEO DHABE (Maharashtra): We have got time for our group.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SYED RAHMAT ALI): I know.

SHRI KHUSHWANT SINGH: It must be elementary commonsense that since the Akalis are after power, they have not the slightest hope of coming to power without the co-operation of the Hindus in Punjab. And here they are doing the worst to create a rift between the Hindus and the Sikhs and deprive themselves of the possibility of coming to power. It is indeed unfortunate that at this critical juncture in the history of the Sikhs, it has thrown up a semi-literate about from an obscure hospice as one of the most important leader of the community.

Mr. Vice-Chairman, I will just sum up what I have said. Please do not ring the bell. It puts me off. Basically, there are only three issues we have to settle. One is the readjustment of boundaries, the second is the river waters dispute and and the third is the All India Gurudwara Act. You have offered a commission on the boundary question. But I do not think this is an honest offer. It has been settled once and for all that Chandigarh must go to Punjab. I do not think there is any dispute on this question. It is equally clear that you cannot divide Abohar and Fazilka from Punjab for geographical and historical reasons; this is one country where you cannot have a hundred mile long corridor. I think, this settlement should be announced as soon as possible. There is also the question of giving money to Haryana. Nobody disputes that. If Punjab gets Chandigarh, Haryana must get money to build a capital of its own.

There is also the river water question. What is the dispute now? I do not understand what we are babbling about? You want to refer this to river water tribunal. The Akalis have laid their cards on the table. They say, 'Give it to the Supreme Court; we will accept whatever verdict it gives.

Then, there is the All India Gurudwara Act, Mr. Surjit has put it very clearly that nothing really remains to be settled. For some reasons unknown to me and to any one else, Government seems to be dragging its feet. It is extremely painful that here on this one great problem which should unite the Opposition and the Government, we are taking purely partisan attitudes. Mr. Home Minister, you know from your secret reports about Hindu militarism. What I fear most today is the Hindu backlash, the backlash of the Hindu extremists. It is evident that the Sikh extremists cannot have it all their own way. If they kill innocent Hindus in the Punab, it is only a matter of time than the Hindu extremits will hit back and then the fat will be in the fire. I know for certain in Delhi, in recent

weeks, there are young Hindus going round with trishuls and which have slogans written on them.

"शिव शक्ति का पाठ करेंगे,
अपना रक्षा आप करेंगे।"

collecting money to buy arms and saying quite clearly that if this kind of killing goes on in the Punjab, we will settle scores in Delhi and elsewhere. Once that happens, whether you like it or not, you will have laid the foundations of khalistan. Please for God's sake, make sure that a settlement is reached in this Session of Parliament and not any longer. Thank you.

SHRI MADAN BHATIA (Nominated): Mr. Vice-Chairman, Sir, I have before me the statement of the hon. Home Minister and it does make mention of the problems regarding the share of waters and the territorial dispute. Mr. Home Minister, it would be a mistake to ignore the rationale of this agitation. It will be equally a mistake to ignore the political affinity between this agitation and the conduct and the attitude of the Opposition in the last three years. It is equally important to bear in mind the dangerous and the disastrous implications of this agitation and the attitude and conduct of the Opposition, for the survival of Parliamentary democracy in this country. I respectfully submit that this agitation is not for particular demands. In the last session Mr. Khushwant Singh himself had said from the floor of this hon. House that there shall be no peace in Punjab unless you share political power with the Akalis. That is the essence and spirit of this agitation. This agitation was resumed when the Akalis lost their power in Punjab. The whole rationale of this movement was, you have defeated us at the polls, we shall make it impossible for you to govern unless you share political policy of a rift. I respectfully submit and tude that the whole movement took its birth. Hon. Member Shri Surjeet has described that the Government's policy is the policy of a rift. I respectfully submit and I wish to congratulate the hon. Home Minister for having adopted a policy of exemplary patience. It is only because of this exemplary patience displayed by the Government that the real fangs of this agitation have been exposed to the countrymen in this country. What has been said by some of the leaders of the Akali movement? They have resurrected the three-nation theory from the records of 1946 and 1947. They have given a call that we shall achieve the aim which we missed in 1947. And they want to achieve this aim by the call of direct action. Those who have had the experience of what happened in 1946 and 1947 on the call of direct action by the Muslim League, they will know the implications of what this call of direct action means. It is this sinister aspect of this movement and this agitation to which the people in this country cannot close their eyes. And it is because of this spirit of this agitation that it is not possible for Mr. Home Minister to come to a settlement with the Akalis. But as I have said, this movement, this agitation cannot be considered in isolation from the conduct and attitude of the various opposition parties in this country and that will explain the attitude which has been taken by the various opposition parties towards this movement. Immediately after the 1980 January elections, Mr. Charan Singh, the leader of the Lok Dal, openly declared—a statement was reported in the press—that the verdict of the people is meaningless and irrelevant. It is this attitude which has landed this country into this disastrous malaise. It is this attitude which is responsible for various agitations which have gripped this country ever since 1980. And this attitude meant that we have been defeated at the polls, but we shall carry on the fight with the instrument of agitations, creating chaos in the country, making it impossible for the Government to function, by taking the agitations and all these activities to the streets. This is not all. Mr. Vice-Chairman, Sir, when the Assam agitation was in its infancy, Mr. George Fernandes, in order to whip up the mob passions of the people of Assam, declared: Assamese are a nation. There is not ever one leader in the opposition who stood up to condemn the statement of George Fernandes. I respectfully submit, can you

[Shri Madan Bhatia]

